हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025



# फैक्ट्री को पानी बेचने का आरोप, ग्रामसभा में भाजपा-कांग्रेस नेताओं में झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फूलझर में संचालित न्यू लुक बायो फ्यूल्स फैक्ट्री को इंदावानी और कोपेडीह जलाशय से पानी देने बिछाई गई पाईप लाइन के मामले में सोमवार को टेडेसरा में आहूत ग्रामसभा की बैठक में जमकर बवाल मचा। किसानों ने जब पंचायत प्रतिनिधियों पर फैक्ट्री को पानी बेचने का जैसे ही आरोप लगाया, वैसे ही भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच जमकर विवाद और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। दोनों दलों के नेताओं के एक-दूसरे पर फैक्ट्री से मोटी रकम लेने का आरोप भी लगाया है। कांग्रेस समर्थित पूर्व सरपंच और भाजपा समर्थित वर्तमान सरपंच के बीच छिड़ा यह विवाद थाना तक पहुंच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार टेडेसरा ग्राम पंचायत द्वारा सोमवार को गांव में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। इस ग्रामसभा में पाईप लाइन के मुद्दे के विरोध को लेकर भी मुद्दे को शामिल किया गया था। सूत्रों ने बताया कि बैठक जैसे ही शुरू हुई, वैसे ही किसानों ने वर्तमान सरपंच एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू पर फैक्ट्री को पानी बेचने का आरोप लगाया। इस दौरान सरपंच श्री साहू ने फैक्ट्री को पानी देने के लिए कांग्रेस समर्थित पूर्व सरपंच दानी देवलाल साहू द्वारा 8 जनवरी 2025 को जारी एनओसी पत्र दिखाया, वहां बवाल की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जाता है कि दोनों दलों के बीच बैठक में जमकर नारेबाजी और शोर-शराबा भी हुआ और एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए गए। इस दौरान झूमाझटकी और मारपीट जैसे हालात निर्मित होते ही सचिव ने ग्रामसभा को स्थगित कर दिया।

## विवाद के बाद दोनों पक्ष एफआईआर कराने पहुंचे सोमनी थाना

### ग्रामीण पहुंचे थाना

ग्रामसभा में मचे बवाल के बाद सरपंच खिलेश्वर साहू के साथ टेडेसरा के ग्रामीण सोमनी थाना भी पहुंचे, जहां उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सरपंच ने कुछ कांग्रेस नेताओं की नामजद शिकायत की है। सरपंच ने साफ तौर पर कहा कि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### पनप रहा आक्रोश

पाईप लाइन बिछाने को लेकर चल रहे इस विवाद के बीच अब ग्रामीणों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है। आडियो के जारी होने के बाद जहां यहां भाजपा और कांग्रेस के नेताओं पर सीधे आरोप लग रहे है। वहीं प्रशासन द्वारा अभी तक पाईप लाइन नहीं हटाए जाने से अब जनाक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

### पूर्व सरपंच ने दी एनओसी

फैक्ट्री को पानी देने के लिए पूर्व सरपंच दानी देवलाल साहू ने 8 जनवरी 2025 को अपनी मुहर के साथ एनओसी जारी की है। इसका पत्र जैसे ही मैंने ग्रामीणों को दिखाया, उनके समर्थक विवाद करने लगे। इसकी शिकायत थाना में की गई है।

**खिलेश्वर साहू**, सरपंच, टेडेसरा

### मैंने नहीं जारी किया पत्र

फैक्ट्री को पानी देने का विरोध हम लोगों द्वारा किया जा रहा है। सरपंच ने ग्रामीणों को फर्जी एनओसी दिखाई है। इसमें न तो मेरी हस्ताक्षर है और न ही मुहर। ऐसे लेटरपेड का उपयोग भी मेरे कार्यकाल में नहीं किया गया है।

**दानी देवलाल साहू**, पूर्व सरपंच

---

## खबर संक्षेप

### वाहनों की जांच, 17 मामले में 35 सौ जुर्माना



**राजनांदगांव।** यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने जांच अभियान चलाया है। जिसके तहत पुलिस ने एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की और 17 मामलों में तीन हजार पांच सौ रुपए जुर्माना किया गया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत थाना लालबाग, सोमनी, छुरिया, गैंदाटोला, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं पुलिस चौकी चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान, चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा 29 जून को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने- जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा 17 प्रकरणों में 3500 रुपए की चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दहशत व्याप्त है।

## अब तक महज 43 प्रतिशत ही बारिश, यूरिया का 48 फीसदी ही वितरण

# संकट में खेती: डीएपी के बाद अब यूरिया की किल्लत, अल्पवर्षा से अटक गई बोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डीएपी खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों को अब पर्याप्त यूरिया भी नहीं मिल पा रहा है। मांग के मुताबिक स्टॉक उपलब्ध नहीं होने के चलते किसानों को सोसायटियों से मायूस ही लौटना पड़ रहा है। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इधर जिले के कई इलाकों में पर्याप्त बारिश नहीं होने से बोनी कार्य भी प्रभावित हो गया है। अब तक जिले में महज 50 फीसदी रकबे में ही किसानों द्वारा बोनी हो पाई है।

जहां सरकारी दुकानों में खाद की कमी देखने को मिल रही है। वहीं निजी दुकानों से अधिक दाम पर खरीदी करने किसान मजबूर हैं। हालांकि विभाग का कहना है कि समय-समय पर जिले की निजी दुकानों में दस्तक देकर तय दाम से अधिक बिक्री किए जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जून महीने की शुरूआत के साथ ही किसान अपने खेतों में जुट जाते हैं। मानसून के दस्तक के साथ ही बोनी की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ लेती है, लेकिन इस बार मानसून आने के दस दिन बाद भी बोनी की गति धीमी पड़ी हुई है। जिसका मुख्य कारण जिले में सामान्य से बेहद कम बारिश होना है। किसानों का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह में बेहतर बारिश देखने को नहीं मिली तो इसका सीधा प्रभाव धान के उत्पादन पर पड़ेगा।

### खास बातें

- फसल के बेहतर उत्पादन में मददगार होती है यूरिया खाद
- मांग के मुकाबले आधा स्टॉक ही आया, अब किसानों को इंतजार
- जिले में डेढ़ लाख से अधिक किसान कर रहे खरीफ सीजन में खेती



### आधा हुआ डीएपी का टारगेट

ज्ञात हो कि डीएपी खाद के शार्टेज की वजह से उसके वितरण का लक्ष्य ही आधा कर दिया गया है। नए टारगेट के अनुसार जिले में अब 4534 मीट्रिक टन डीएपी भंडारण का टारगेट है। जिसके मुकाबले 3981 मीट्रिक टन का भंडारण और 3585 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को कर दिया गया है। अब 393 मीट्रिक टन डीएपी शेष है। जिसमें महज 58 मीट्रिक टन ही सोसायटियों में है। इसके अलावा 2030 मैट्रिक टन पोटाश वितरण का लक्ष्य तय किया गया है।

### यूरिया की सर्वाधिक कमी

आंकड़ों पर नजर डाले तो जिले में इस समय सर्वाधिक कमी यूरिया खाद की बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन में 30 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद वितरण का टारगेट रखा गया है। जिसके मुकाबले अब तक 16 हजार 305 मीट्रिक टन का भंडारण और 14 हजार 347 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण हो पाया है। जिले की विभिन्न सोसायटी और निजी कृषि केंद्रों में लगभग 1958 मीट्रिक टन यूरिया शेष है।

### 53 फीसदी ही बोनी

मिली जानकारी के अनुसार जिले में 98838 हेक्येयर में अब तक किसानों द्वारा बोनी का कार्य कर लिया गया है। जबकि जिले में इस खरीफ सीजन कुल 184400 हेक्टेयर में खेती की जा रही है। इनमें सर्वाधिक 172600 हेक्टेयर में धान की फसल ली जा रही है। इसके अलावा दलहन-तिलहन की फसलें भी शामिल है। किसानों का कहना है कि अगले एक सप्ताह में यदि बेहतर बारिश होती है तो बोनी का आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है।

### एलबी नगर, छुरिया सूखा

जिले में अब तक 69 मिमी बारिश देखने को मिली है, जबकि इस अवधि में सामान्य रूप से 160 मिमी बारिश होनी थी। ऐसे में अब तक 57 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इनमें भी एलबी नगर ब्लॉक में सबसे कम बारिश हुई है, यहां सामान्य के मुकाबले महज 6 फीसदी ही बारिश दर्ज की गई है। छुरिया में 26 प्रतिशत, डोंगरगढ़ में 38 प्रतिशत, राजनांदगांव में 87 प्रतिशत, घुमका में 63 फीसदी, कुमरदा में 36 और डोंगरगांव में 43 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई है।

## चार दिन से थे दोनों लापता

# युवती जमीन पर, फांसी पर लटका मिला युवक

- तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी ने शुरू की मामले की जांच पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


महादेव पहाड़ी के ऊपर एक युवती जमीन पर मृत अवस्था में मिली। वहीं पास में ही युवक फांसी के फंदे पर झूलता मिला। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहुल झोपडी महादेव पहाड़ी के ऊपर आज सुबह दो लोगों की सड़ी-गली अवस्था में लाश देखा गया। इस खबर के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

**गुमशुदगी की थी रिपोर्ट :** पुलिस के अनुसार दोनों मृतक डोंगरगांव थाना क्षेत्र के हैं। मृतिका का नाम नीतू चंद्रवंशी 22 वर्ष एवं युवक का नाम मनीष सिन्हा 27 वर्ष बताया गया है। बताया गया कि उक्त युवक-युवती का गुमशुदगी की रिपोर्ट भी पूर्व में दर्ज कराई गई थी। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस जांच पड़ताल में मामले का खुलासा हो पाएगा।

**सड़-गल गई थी लाश :** घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बताया गया कि शव से दुर्गंध आ रहा था। वहीं शव में कीड़े भी लग गए थे। बताया गया कि युवती की लाश जमीन पर थी। वहीं पास ही युवक फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने मौके पर घटनास्थल का बारिकी से जांच पड़ताल किया एवं शव को पीएम के लिए चिकित्सालय भिजवाया।

## मांय एंगल



# नशे में आरक्षक ने प्रधान आरक्षक से की मारपीट, एसपी ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नशे की हालत में आरक्षक ने वाहन चालक से मारपीट की। जिसकी शिकायत पर जब उसे जिला चिकित्सालय मुलाहिजा के लिए ले जाया गया, तब आरक्षक ने प्रधान आरक्षक से दुर्व्यवहार करते बेल्ट से मारपीट भी किया। इस मामले को गंभीरता से लेते पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरक्षक क्रमांक 107 महेन्द्र साहू की ड्यूटी 29 जून की रात्रि 9 से सुबह 9 बजे तक डायल 112 में चालक प्रवीण कुमार साहू के साथ लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान शराब सेवन किए हालत में बिना वर्दी के महेन्द्र साहू ड्यूटी में उपस्थित होकर चालक प्रवीण कुमार साहू को निर्धारित पाईंट छोड़कर पाटेकोहरा चलने हेतु कहने पर चालक द्वारा मना किया गया। जिससे आरक्षक द्वारा चालक से मारपीट व दुर्व्यवहार किया गया। चालक प्रवीण द्वारा इस संबंध में शिकायत लालबाग थाना में करने पर रात्रि अधिकारी प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक महेन्द्र साहू को शराब सेवन संबंधी मुलाहिजा हेतु स्टाफ के साथ जिला चिकित्सालय ले जाया गया था।

### सोशल मीडिया में हुआ वायरल

यहां जिला चिकित्सालय में भी आरक्षक महेन्द्र साहू द्वारा प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी के साथ दुर्व्यवहार की गई एवं बेल्ट से मारपीट किया गया। यह मामला सोशल मीडिया में भी वायरल हो गया था। इस पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंची सीटी स्कैन मशीन, जल्द मिलेगी जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शासन द्वारा स्वीकृत सीटी स्कैन की मशीन आज यहां पहुंच चुकी है। उम्मीद है कि जल्द ही इस मशीन से मरीजों को जांच की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई स्मृति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की दरकार थी। सीटी स्कैन मशीन को अस्पताल के एक्स-रे डिपार्टमेंट के करीब स्थापित किया जा रहा है।

अब तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन नहीं होने से मरीजों को सीटी स्कैन कराने जिला अस्पताल आना पड़ता था। वहीं बीते वर्ष जिला अस्पताल में बारिश का पानी भर जाने के चलते यहां भी सीटी स्कैन की सुविधा मरीजों को नहीं मिल पा रही थी। जिसके चलते मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से काफी महंगे दाम पर सीटी स्कैन करानी पड़ रही थी।



### 15 दिन समय

सीटी स्कैन मशीन को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर ने बताया कि सीटी स्कैन मशीन लगभग 15 जुलाई तक स्थापित कर मशीन से मरीजों की जांच प्रारंभ कर दी जाएगी।

### सुविधाओं का विस्तार

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार को लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जल्द ही सीटी स्कैन मशीन की सुविधा मिलने की बात कही थी।

### पांच जिलों से आते हैं मरीज

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगभग पांच जिले से सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। जिसमें से कई मरीजों को सीटी स्कैन की आवश्यकता होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन नहीं होने के चलते मरीजों को लंबे समय से समस्या हो रही थी। सीटी स्कैन मशीन नहीं होने से समय व रुपए खर्च होने के साथ इलाज में भी देरी होती थी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब ऐसे मरीजों को सुविधा मिलने से उन्हें बाहर जांच के लिए नहीं भटकना पड़ेगा।


## आज से शुरू होगी चुनावी प्रक्रिया, चुने जाएंगे 15 नए सदस्य

# बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का 20 जुलाई को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर की बागडोर संभालने वाले ट्रस्ट समिति का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब अगले चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। वतर्मान ट्रस्ट समिति ने विधिवत अगामी नए चुनाव की घोषणा कर तिथि भी तय कर दी है। एक जुलाई से शुरू होने वाली चुनावी प्रक्रिया 20 जुलाई को मतदान के साथ समाप्त होगी। ज्ञात हो कि चुनाव के तहत पंद्रह सदस्यों का चयन किया जाता है। जिनमें से एक को अध्यक्ष का पद मिलता है।

आगामी चुनाव को लेकर रविवार देर शाम बैठक आयोजित की गई थी। वर्तमान ट्रस्ट समिति ने बैठक के बाद आगामी चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। जिसके अनुसार 1 जुलाई से चुनाव के प्रक्रिया के अनुरूप प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। 2 जुलाई को दावा-आपत्ति एवं 4 जुलाई को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। लोकसभा एवं विधानसभा की तर्ज में होने वाले इस मंदिर ट्रस्ट चुनाव को लेकर हमेशा से ही एक अहम गहमा-गहमी देखने को मिली है। 20 तारीख चुनाव तिथि तय होने के साथ ही धर्मनगरी में होने वाले इस धर्मिक चुनाव को लेकर शहर के गलियारे में गहमा-गहमी भी शुरू हो गई।



### मनोज बने थे अध्यक्ष

उल्लेखनीय है कि 15 सदस्यीय इस कमेटी में वतर्मान में मनोज अग्रवाल ने पूर्व चुनाव में 9 लोगों की जीत के साथ ट्रस्ट मंडल में काबिज हुए थे। विपक्षी पैनल महत्वपूर्ण 6 सदस्यों के साथ विपक्ष में अपनी भूमिका बना रखी थी। 7 संरक्षण श्रेणी, 5 आजीवन श्रेणी एवं 3 साधारण श्रेणी मिलाकर कुल 15 सदस्यों के होने वाला चुनाव इस बार रोचक होने की संभावना भी बना रहा है, जहां वतर्मान ट्रस्ट मंडल सेवा दल अपने पुराने 15 सदस्य पैनल के साथ तैयारी में लगे हैं। वहीं विपक्ष मातेश्वरी पैनल में इस बार काफी जोड़-तोड़ की संभावना नजर आ रही है।

### आनन-फानन में कराया उदघाटन


हाल ही में वतर्मान ट्रस्ट मंडल बम्लेश्वरी ट्रस्ट दो दिन पहले प्रदेश भाजपा के मंत्रियों की उपस्थिति में धर्मार्थ चिकित्सालय में डायगनोस्टिक सेंटर का शुभारंभ कराने के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर होने वाले विकास कार्य के तहत करोड़ों रुपए के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम को संपादित कराने में अहम भूमिका निभाया था। इसके दूसरे ही दिन मंदिर चुनाव की घोषणा कर कहीं न कहीं वर्तमान ट्रस्ट मंडल आगामी मंदिर चुनाव में ट्रस्ट के सदस्यों के बीच अपनी मजबूत भूमिका के साथ सोची-समझी पकड़ बनाने में भूमिका निभाई है।

# एमपी-महाराष्ट्र से शराब की तस्करी डोंगरगांव-डोंगरगढ़ में कोचिये सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में शराब का अवैध कारोबार एक बार फिर फल-फूल रहा है। एक तरफ जहां पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव इलाकों में कोचियों की सक्रियता भी बढ़ गई है। आबकारी और पुलिस महकमा भी शराब के इस खेल के मामले में मूकदर्शक बना बैठा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों में पुलिस द्वारा की गई कोचियों के खिलाफ कार्रवाई में यह साफ तौर पर पाया गया है कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश निर्मित शराब लाई जा रही है। शराब के इस खेल को रोकने का अहम जिम्मा आबकारी महकमे का होता है, लेकिन नाम के लिए नाकेबंदी कर विभाग अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभा रहा है। यही कारण है कि पड़ोसी राज्यों से लगे जिले की सीमाओं में शराब जमकर खपाई जा रही है।




### जिले में कोचियों को मिल रहा संरक्षण

जिले का डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव शराब के अवैध खेल का मुख्य सेंटर बना हुआ है। इन दोनों ही ब्लॉक में दर्जनों कोचियों को शराब दुकानों से पेटियों में शराब उपलब्ध कराई जा रही है। खास बात यह है कि हाल ही में कुछ बदलाव भी सुपरवाईजरों में किए गए है, जिन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर पुलिस प्रशासन भी कोचियो पर कार्रवाही करने में रूचि नहीं दिखा रहा है।



# डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई
डॉ. अरविंद सिंह
नंदई चौक राजनांदगांव

National Doctor's Day

# डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई


डॉ. विजय ठाकुर
जनरल फिजिशियन
बसंतपुर, वार्ड नं. 45, राजनांदगांव
मो. 9907955223

# श्री राधेश्याम ऑर्थो केयर
विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...



डॉ. योगेश सोनी
MBBS, MS, Orthopoedics (Mumbai)
DNB Orthopoedics MNAMS, FIASM

उपलब्ध सुविधाएं -
- हड्डी रोगों का सम्पूर्ण ईलाज,
- HIP & KNEE जोड़ प्रत्यारोपण,
- SPORTS INJURY का विशेष ईलाज.
- नये एवं पुराने जटिल फ्रैक्चर का ईलाज, दूरबीन पद्धति द्वारा घुटने एवं कंधे के लिगामेंट का उपचार
- रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों का ईलाज,
- कमर दर्द, गर्दन दर्द, साईटिका का ईलाज, गठिया एवं समस्त प्रकार के वात रोगों का ईलाज

गांधी नर्सिंग होम के पास, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9752771478, 8462099133

# डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई



डॉ. यू. एस. चन्द्रवंशी
राजनांदगांव

# विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...



डॉ. भूपेन्द्र हिरवानी
सुकुलदैहान, जिला-राजनांदगांव

National Doctor's Day

# चिन्मय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
विश्व चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई...

उपलब्ध सुविधाएं -
- स्त्री रोग (बच्चेदानी का इलाज) एवं प्रसूति की सुविधा.
- नाक, कान, गले संबंधी रोगों का विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा समुचित इलाज, समय- प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक.
- आयुष्मान कार्ड द्वारा सर्वसुविधायुक्त डायलिसिस की व्यवस्था.
- शिशु रोग का इलाज एवं सर्वसुविधायुक्त ढउव की व्यवस्था,
- प्रतिदिन क्रिटीकल केयर एवं इमरजेंसी चिकित्सा उपलब्ध एवं
- सर्वसुविधायुक्त गहन चिकित्सा ईकाई की व्यवस्था

डॉ. सुषमा कुमरे
(D.G.O. स्त्री रोग विशेषज्ञ)
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 12 व शाम 5 से 7 बजे तक.

डॉ. बी. के. कुमरे
(M.B.B.S.)
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 12 व शाम 5 से 7 बजे तक.

विशेष- रियायती दरों पर स्त्री रोग, प्रसूति तथा डायलिसिस की विशेष सुविधा उपलब्ध.
संपर्क मो. नं. 7869677670, 7987775165



# विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...

डॉ. राकेश रामटेके
M.B.B.S., D.CH.
विशेषज्ञ- जिला चिकित्सालय राजनांदगांव
नवजात शिशु, बाल्य रोग एवं गहन चिकित्सा विशेषज्ञ



समय : सुबह 8.30 से 9.30 बजे, दोप. 1 बजे से 3 बजे
शाम 6.30 से 8.30 बजे तक
पताः कन्हारपुरी रोड, लखोली राजनांदगांव, मो. 83057-85509




# डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई...

National Doctor's Day

उपलब्ध सुविधाएं
- आई.सी.यू.
- आई.सी.सी.यू.
- कलर डॉपलर ईको कार्डियोग्राफी
- सोनोग्राफी (सभी प्रकार की)
- डिजीटल एक्स-रे (सभी प्रकार की)
- एक्स-रे
- पैथोलॉजी
- हार्मोनल स्टडी
- संपूर्ण मेडिकल चेकअप की सुविधा
- भर्ती की विशेष सुविधा


डॉ. आरती उईके
एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट



डॉ. फुलेन्द्र उईके
एम.डी. मेडीसीन
हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

# राजनांदगांव डायग्नोस्टिक सेंटर & हॉस्पिटल
वर्धमान नगर, जी.ई. रोड, होटल उत्सव के सामने, राजनांदगांव
फोन नं. 07744-225670, 405670, मो. 99079-07329

# डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई...




एक शुभचिंतक
राजनांदगांव

## खबर संक्षेप



### कार्यकारिणी का विस्तार

**गंडई पंडरिया।** ढेंगर धनगर गडरिया समाज की बैठक खैरागढ़ में सुरेश धनगर के निवास पर वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार के साथ युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया। जिला मुख्य कार्यकारिणी के लिए भुवनेश्वर पाल (कुकुरमुडा) को जिला अध्यक्ष और राधेश्याम धनकर (जीराटोला) को उपाध्यक्ष चुना गया। युवा प्रकोष्ठ में योगेंद्र पाल (साल्हेभर्री) को जिला युवा अध्यक्ष, भानु पाल (बुंदेली) को कार्यकारी अध्यक्ष और कमल पाल (दिल्ली) को जिला युवा सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ में ताराबाई पाल (मुड़ीपार) को जिला महिला अध्यक्ष, अंजलि पाल (कुकुरमुडा) को कार्यकारी अध्यक्ष और अनीता पाल (राजनांदगांव) को जिला सचिव बनाया गया है। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली और निरंजन धनकर ने दी।

### जिपं उपाध्यक्ष से मिले नए पदाधिकारी



**गंडई पंडरिया।** गंडई मंडल भाजपा के पदाधिकारियों ने सोमवार को पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू एवं गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने नई जिम्मेदारी मिलने के लिए आभार व्यक्त किया। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें एकता और मजबूती के साथ संगठन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने पद के अनुरूप कार्य करें। इस अवसर पर दीना जंघेल, मंगल जैन, रवि भावनानी, राकेश टंडन, लेखराम साहू, कृष्णा मानिकपुरी, लीलाराम साहू, अंजली देवांगन, दूजेराम वर्मा, कमलेश जंघेल, गोलू देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर में रोपे गए पौधे



**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में पिछले दिनों औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए। डायरेक्टर नीरज बाजपेयी की मंशा के अनुरूप एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में शाला परिसर में विविध पौधे लगाए गए।प्रशासक जी राम सिन्हा ने रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए उचित व्यवस्था करने का संकल्प दोहराया। यह जानकारी व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

### कलेक्टर ने पत्नी संग किया पौधारोपण



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि भुरे ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नीम का पौधरोपण किया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने नीम का पौधरोपण किया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन, सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर सभी ने नीम, आम, जामुन, कोलियारी, काजू, शहतूत एवं विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

# पंचायत की दूरी 2 किमी पर लोगों को चलना पड़ रहा 15 किमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

विकास के दावों के बीच विडंबना ही कहा जाए कि अंचल में ऐसा गांव भी है जहां तक पहुंचने के लिए सड़क तक नहीं बन सकी है। ग्रामीणों को कीचड युक्त सड़क से आवागमन करना पड़ रहा है। हालत यह है ग्रामीण पंचायत मुख्यालय तक भी बड़ी मुश्किल से पहुंच पाते हैं।

जानकारी के अनुसार अंचल के ग्राम विष्णुपुर के लोगों को ग्राम पंचायत मुख्यालय तक जाने के लिए सड़क नसीब नहीं है। स्कूल कालेज के बच्चे पढ़ाई करने ऐसी सड़क से आवागमन करते है जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल है। बीमार को इस मार्ग से ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

ग्राम को राशन दुकान या खाद के लिए सोसायटी जाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता है। किसानों को सबसे अधिक दिक्कत तब होती है जब उन्हे धान बेचने सोसायटी जाना पड़ता है। पंचायती कार्यों के लिए ग्रामीणों को इसी जर्जर सड़क से गुजरना पड़ता है। यह सड़क बरसात के दिनों में दलदल में परिवर्तित हो जाती है।

### लंबी दूरी तय करने मजबूर ग्रामीण

ग्राम विष्णुपुर के लोगों को पंचायत मुख्यालय पहुंचने के लिए 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। एक किलोमीटर कच्ची सड़क को पक्की बना दिया जाए तो 10 से 15 किलोमीटर के बजाए लोगों कोग्राम पंचायत पहुंचने हेतु मात्र 2 किलोमीटर की दूरी दुरी तय करना पड़ेगा। उपसरपंच भागवत वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर विष्णुपुर से खुर्शीपार मार्ग को पक्की सड़क बनवाने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण जल्द कराने का आश्वासन दिया है।



### अब तक मांग पूरी नहीं

ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने बताया कि जब वह बारहवीं की पढ़ाई बिल्हरी स्कूल से कर रहे थे तब से पक्की सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। शाला के वार्षिकोत्सव में शामिल होने पहुंचे तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह को आवेदन पत्र देकर सड़क निर्माण कराने की मांग किया था। विधायक दलेश्वर साहू को भी कई आवेदन दे चुके हैं। इसी क्रम में जिलाधीश, सरपंच, जनपद पंचायत में आवेदन देकर समस्या से अवगत करा चुके हैं परन्तु समस्या जस के तस बनी है।प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

## किसानों को बेहतर बारिश का बेताबी से इंतजार

# गहराने लगा खाद संकट, रिमझिम बारिश के बीच धान की रोपाई शुरू

## नदी, नाले अब तक नजर आ रहे सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अषाढ़ का पहला पखवाड़ा बीत गया पर क्षेत्र में अब तक मानसूनी बारिश नहीं हुई है। बीते तीन दिन से रिमझिम और खंड बारिश के बीच धान की रोपाई शुरू हो गई है। बारिश नहीं होने से नहर, नदी, नाला अब तक सूखे नजर आ रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन है उन्होंने धान की रोपाई करना शुरू कर दिया। किसानों को अच्छी बारिश का से इंतजार है। बारिश होते ही धान की रोपाई तेज हो जाएगी।

ग्राम चकनार, मानपुर, जीराटोला, कुकुरमुडा, सड़क अतरिया के किसानों ने बताया कि बढ़ती लागत और सिंचाई के साधन में कमी के चलते ज्यादातर किसान इस बार बोता और ओन्हारी पद्धति से धान की बोआई कर रहे हैं। अब तक करीब चालीस फीसदी किसान बोआई कर चुके हैं। बीते तीन- चार दिन से हो रही रिमझिम बारिश इस पद्धति के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बीज का अंकुरण बेहतर तरीके से होने लगा है। मौसम बेहतर होने से सोयाबीन, अरहर की बोआई के साथ टमाटर लगाया जा रहा है।



### मवेशियों से किसान परेशान

इन दिनों किसान मवेशियों से परेशान हैं। क्षेत्र के ज्यादातर गांव में मवेशियों का रोका छेका शुरू नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि मवेशी रोपाई के लिए तैयार हो रहे पौधे तथा खेतों की फसल को बर्बाद कर देते हैं। तमाम उपाय करने के बाद भी फसल की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के गौठान, कांजी हाऊस में चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने से मवेशी को रखने की समस्या है।

### नहीं मिल रही खाद

खेती के सीजन की शुरूवात से जारी खाद संकट अब गंभीर होते नजर आ रहा है। क्षेत्र की किसी भी सोसायटी में डिमांड के अनुसार खाद नहीं पहुंची है जिसके चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। यूरिया, डीएपी सहित अन्य खाद के लिए कृषक रोज सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं पर उन्हें खाद नहीं मिल रही। किसानों ने बताया कि धान का पौधा रोपाई के लिए तैयार हो गया है पर खाद नहीं मिलने से रोपाई नहीं हुई है। कुछ किसानों ने बताया कि खेतों में धान का पौधा निकल रहा है ऐसे में खाद का छिड़काव करना जरूरी है। सोसायटियों में जहां खाद की किल्लत है वहीं दूसरी ओर दुकानों में खाद मनमाने दर पर बिक रही है। किसान मजबूर होकर महंगे में खाद खरीद कर खेतों में डाल रहे हैं।

# नवाचार साथ स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रहा विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में नवाचार के साथ ही स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ललित कला अकादमी नई दिल्ली की छात्रवृत्ति योजना के लिए विवि के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है जो स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की चुके हैं।

योजना तहत चारों विद्यार्थियों को ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केन्द्र में कार्य करना होगा जिसके लिए उन्हें एक साल तक 20 हजार रूपए प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी इससे उन्हें अपने कला क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का अवसर मिलेगा, प्रतिभा में निखार आएगा।

विवि में नवाचार तहत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने कुलपति द्वारा अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए शासन की उन योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है जिससे विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ सके। कुलपति के इस प्रयास से विद्यार्थी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़कर लाभ ले रहे है। ललित कला अकादमी की छात्रवृत्ति योजना में चयनित विद्यार्थी विवि के चित्रकला, मूर्तिकला व ग्राफिक्स विभाग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं जिसमें चित्रकला से निर्वेर साहू व पम्मी कुमारी, मूर्तिकला से सुभाष चौबे और ग्राफिक्स से निलांजन साव शामिल हैं। योजना का उद्देश्य दृश्यकला की पृष्ठभूमि से संबंधित आवेदकों सहित युवा और योग्य उभरते कलाकारों को छात्रवृत्ति प्रदान करना है ताकि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सृजनात्मक गुणों और नवोन्मेषी विचारों के विकास के लिए एक कार्य स्थल उपलब्ध कराया जा सके। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना साथ बधाई देते हुए कहा कि विवि में अध्ययन-अध्यापन साथ ही विद्यार्थियों के भीतर छुपे कला को उभारकर उन्हें इस लायक बनाया जाता है कि वे अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर कला के उच्चतम शिखर तक पहुंच सके और अपना भविष्य बना सकें। इसके साथ ही नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने प्रेरित भी किया जाता है जिसका परिणाम है कि इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर मुकाम हासिल किए है जिससे उनका और विवि का नाम रोशन हो रहा है।

# मौत को आमंत्रण देती सड़कें

- खतरनाक साबित हो रहे गति अवरोधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्कूल समय में बेलगाम रफ्तार से भारी वाहनों के गुजरने से शहर में 60 लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। कुछ की मौत हो गई तो कुछ जख्मी हुए।

लगातार दुर्घटना होने के बाद बड़े वाहनों का आवाजाही पर नियंत्रण नहीं लग रहा है। वाहनों के ड्राइवर डीजल बचाने के चक्कर में कवर्धा से डोंगरगढ़ होते हुए नागपुर जाते हैं। वाहनों के तेज गति से गुजरने के कारण दुर्घटना होते रहती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने के बाद गत दिनों कांग्रेस ने प्रदर्शन किया तो आनन फानन में कुछ जगहों पर गति अवरोधक बना दिया गया जो अब मौत का कारण बनते जा रहे हैं। गति अवरोधक बनाने के लिए मापदंड का पालन नहीं किया गया है।



### सर्वाधिक खतरा बच्चों को

स्कूलों के शुरू होने के बाद बच्चों की आवाजाही बढ़ गई है। स्कूल खुलने और बंद होने के दौरान युवा तेज गति से वाहन चलाते गुजरते है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के युवाओं में ट्रिपल सीट तेज रफ्तार में वाहन चलाना शौक बन गया है जो जानलेवा साबित हो रहा है। सड़क पर सिर्फ दो कांस्टेबल रहते हैं, जो केवल दर्शक की भूमिका में नजर आते हैं। उन्हें न तो जुर्माना लगाने का अधिकार है और न ही बेलगाम वाहनों को रोकने की शक्ति हासिल है जिसका परिणाम यह हो रहा है कि हर दिन दर्जनों युवा तीन सवारी बैठाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाते रहते हैं, वहीं भारी वाहन भी बेधड़क गुजरते हैं।पालक संघ डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ सेवा कल्याण परिषद ने प्रशासन से जल्द उचित निर्णय लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### पंचायत के कामों में गड़बड़ी की शिकायत



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में योजनाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। अधिकारी सब जानते हुए भी आंख बंद कर बैठे हैं। सूचना के अधिकार के तहत खुलासा हुआ है कि स्कूल जतन योजना और शाला मरम्मत के नाम पर करीब 2 लाख 72 हजार का घपला किया गया। इससे बड़ा मस्टररोल में करते हुए ऐसे मजदूरों के नाम दर्ज कर दिया है जिन्होंने कभी काम ही नहीं किया। कुछ नाबालिगों के नाम भी मस्टररोल में है। ग्रामीण बताते है कि उन्होंने मजदूरी नहीं किया फिर भी हाजरी भरकर भुगतान कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार देव कंस्ट्रक्शन, मां कर्मा कृषि केंद्र, यदु हार्डवेयर एंड प्लाइवुड लाल बहादुर नगर को ऐसे बिल के आधार पर भुगतान किया गया ळै जिसमें न बिल नंबर है और न तारीख उल्लेखित है। ग्रामीणों ने गड़बड़ी की शिकायत की है, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

# खाद संकट, कांग्रेस ने बोला हल्ला

## कालाबाजारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खेती किसानी के सीजन में खाद-बीज की किल्लत और समितियों में अव्यवस्था, खाद की कालाबाज़ारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल डोंगरगांव, खुज्जी और खुर्सीपार क्षेत्र के किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार पीएल नाग को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सहकारी समितियों में खाद एवं बीज की आपूर्ति, खाद कालाबाज़ारी और अव्यवस्थित वितरण में लिप्त अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्यवाही, वितरण प्रणाली की बाधाओं को दूर करने की मांग की गई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है, लेकिन किसान सबसे अधिक उपेक्षित हैं। खाद और बीज की कमी से उनकी खेती पर संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से किसानों की मांगों पर तत्काल संज्ञान लेकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। प्रदर्शन में विधायक दलेश्वर साहू,कार्यक्रम प्रभारी रमेश खंडेलवाल,कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष टीकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, संध्या साहू, मोहनीश साहू, डा. नरेन्द्र साहू, मुरली निषाद, मदन साहू, बलिराम साहू, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र वैष्णव, जिपं सदस्य विभा साहू, प्रियंक जैन, रितेश राजपूत, श्रुति शुक्ला, अरूणा देवांगन, बीरेन्द्र बोरकर, आरती कोरे सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## खुले में कचरा फेंकने पर देना पड़ेगा जुर्माना

# स्वच्छता के लिए डस्टबीन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगरीय निकाय द्वारा दुकानदारों को डस्टबीन वितरित किया जा रहा है। व्यवसासियों से अपील की जा रही है कि वह दुकान के कचरा को सडक या खुले स्थानो में न डाले बल्कि डस्टबीन का उपयोग करते हुए कचरा स्वच्छता दीदी या स्वच्छता मित्रों को सौपे। कचरा फैलाने पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी बीते शनिवार से व्यापारियों को डस्टबीन प्रदान किया जा रहा है। दुकानदारो को सूखा कचरा रखने के लिए बडा डस्टबीन दिया जा रहा है ताकि वह दुकान से निकलने वाले सूखा कचरा को एकत्रित कर रखे। शनिवार को बस स्टैंड, गुप्ता चौक, डॉ आम्बेडकर चौक, बजरंग चौक, गांधी चौक , बाजार चौक, सुभाष चौक, वेल्डिंग चौक तथा मुख्य मार्ग, रविवार को मेरेगांव, मोहला रोड, राजनांदगांव मार्ग तथा पांगरी रोड में डस्टबीन वितरण किया गया। व्यापारियों को हिदायत दी जा रही है कि वह कचरे को सडक या गली- चौराहो में न डाले।



### शनिवार को चलाया गया स्वच्छता श्रमदान

बीते शनिवार को शंकरपारा, बस स्टैंड, पटेल पारा, लिंक कोर्ट, बाजार पारा, डोढगी पारा में स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। मुहिम के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष की अगुवाई में स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता मित्र एवं महिला मंडल की कार्यकर्ताओ ने अभियान में भाग लिया। दो घंटे चली मुहिम में सीमओ विजय पांडेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, किशुन पटेल, उषा यादव, कविता यादव आदि शामिल हुए।

### घरों में भी बांटा जाएगा डस्टबीन

जानकारी के अनुसार शहर के प्रत्येक घर में गीला व सूखा कचरा के लिए डस्टबीन देने की तैयारी है। छह सात साल पहले दो- दो डस्टबीन वितरित किया गया था। लंबे अंतराल से गीला व सूखा कचरा एकत्रित करने के लिए डस्टबीन बांटा नही गया है। डस्टबीन के टूट फूट जाने से लोग एक ही डस्टबीन में गीला व सूखा कचरा रख रहे है।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि शहर के अतिरिक्त आसपास के 100 से भी अधिक ग्रामों के लिए एकमात्र अस्पताल है, जो आरएमओ के भरोसे चल रहा है। वर्तमान में यहां विशेषज्ञ डाक्टर नहीं है। डाक्टर और सुविधा के अभाव में अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बन कर रह गया है। छोटे अस्पतालों में आपरेशन की सुविधा है, मगर डोंगरगढ़ में आज तक एफआरयू की सुविधा नहीं मिली है। ज्ञापन में स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डाक्टर, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सक, चर्म रोग विशेषज्ञ, ड्रेसर, वार्ड बॉय, आया, सफाई कर्मचारी सहित एक्स-रे, आपरेटर, आधुनिक शल्य चिकित्सा कक्ष, आधुनिक पैथालॉजी, ब्लॅड बैंक, एक्यू प्रेशर, जनरेटर, अतिरिक्त केंटिन, व्हील चेयर, स्ट्रेचर एंबुलेंस आदि उपलब्ध कराने की मांग की है।

### चौक में बिक रही अवैध शराब

**ठेलकाडीह।** ग्राम के चौक एवं गली मोहल्ले में धड़ल्ले से अवैध शराब बेचा जा रहा है। गांव में शराब बिकने से युवा शराब की लत के शिकार हो रहे हैं किन्तु प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। हालांकि ठेलकाडीह थाना में नए प्रभारी आने से जरूर इस अवैध कारोबार में कुछ कमी आई है लेकिन कहा जा रहा है कि पुलिस कार्रवाई का असर 8 से 10 दिन रहता है और फिर शराब बिकने लगती है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**गंडई पंडरिया।** जिला भाजपा अध्यक्ष विशेषर साहू की अनुशंसा से मंडल भाजपा गंडई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। विस्तार से



संगठन को अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यकारिणी में राकेश ठाकुर को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में रवि भावनानी, दूजेराम वर्मा, नेमबाई निर्मलकर और कमलेश जंघेल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। लीलाराम साहू और रजेलाल पटेल महामंत्री का पद संभालेंगे। मनीषा चतुर्वेदी, ममता मनीष सोनी, रूखमणी साहू और सुखी पटेल मंत्री बनाए गए हैं। राकेश जायसवाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा की है। जिसमें भानुप्रताप साहू को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, तसील पटेल को किसान मोर्चा का अध्यक्ष, लेखराम साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष, अंजली देवांगन को महिला मोर्चा अध्यक्ष, राकेश टंडन को अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष और कार्तिक मरकाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। मंगल चंद जैन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। मंडल की कार्यकारिणी में 26 सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। स्थायी आमंत्रित सदस्य 27 और विशेष आमंत्रित सदस्यों सूची में 46 कार्यकर्ताओं को जगह मिली है।

### 33 केव्ही लाइन का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के अंतर्गत 73 लाख



रुपए की लागत से टप्पा उपकेन्द्र के लिए 33 केव्ही नई लाइन का निर्माण कर विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ीकृत किया गया है। जंगलपुर (इंदामरा) स्थित 132 केव्ही उच्चदाब उपकेंद्र में इस नए लाइन का ऊर्जीकरण राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता रविन्द्र गोस्वामी, मुकेश कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता रविन्द्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि जंगलपुर (इंदामरा) स्थित 132 केव्ही उच्चदाब उपकेंद्र से टप्पा तक 05 किमी 33 केव्ही नई लाइन खींचकर टप्पा उपकेन्द्र को जोड़ा गया है। पहले इस 33/11 केव्ही उपकेन्द्र के लिए विद्युत की सप्लाई 33 केव्ही तुमड़ीबोड़ फीडर से किया जाता था। जिसके कारण अंतिम छोर तक लोड एवं वोल्टेज की परेशानी आती रहती थी। चूंकि वर्तमान में ग्राम विचारपुर नवागांव एवं डुंडेरा में नए 33/11 केव्ही उपकेंद्र के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। जिसकी वजह से 33 केव्ही की नई लाइन की नितांत आवश्यकता थी। नए 33 केव्ही टप्पा फीडर के निर्माण एवं ऊर्जीकरण से लगभग 24 गांव के 8 हजार कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज सामुहिक हड़ताल

**राजनांदगांव।** जिले के समस्त सहायक शिक्षक व शिक्षक व्याख्याता अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कल 1 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल में रहेंगे। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के सुशील शर्मा जिला सहसंचालक राजनांदगांव ने बताया कि कल 1 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय में सामूहिक हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विषय अंतर्गत चार सूत्रीय मांगों के संबंध में ब्लॉक मुख्यालय राजनांदगांव में हड़ताल में शामिल होंगे।

### श्री हनुमान सेवा समिति ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार, अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के आकस्मिक निधन पर शनिवार को पूनम कालोनी स्थित शिव हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान एलडी बडोनिया, अभियंता जीआर देवांगन, सुशील कुमार तिवारी, धीरज द्विवेदी, समीर क्षत्री, बीके बघेल, शिवकुमार सिन्हा, पूरन सोलंकी, गौरीशंकर गुप्ता, पं. मोहन दुबे, केशव गंजीर ने डॉ. सुरेन्द्र दुबे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभा का संचालन रामेश्वर सिंह चंदेल गुरुजी ने की।

### गिधवा में पौधों का रोपण

**राजनांदगांव।** नई सोच सामाजिक संस्था ग्राम गिधवा द्वारा 28 एवं 29 जून को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। यह आयोजन ग्राम गिधवा स्थित शीतला मंदिर तालाब के किनारे, मुक्तिधाम परिसर एवं गौठान क्षेत्र के आसपास संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 55 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इनमें बरगद, पीपल, बादाम, गुलमोहर एवं बेल जैसे पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बालाराम साहू, नरेश साहू, पुकेन्द्र साहू, यलसिंग वर्मा, राजकुमार साहू, लक्ष्मीनारायण, विपिन मूढ़ेल, मुन्ना सेन, चंद्रभूषण साहू, प्रमोद साहू, पेमुराम साहू, हार्दिक साहू, लीलाधर साहू, थानसिंग साहू, नीलेश्वर साहू, केतन साहू, सुधीर, धनंजय साहू, लेमन, भरत, मिथलेश, ओमप्रकाश, मोटू, तुषार, मोनू, गुलशन, धर्मेंद्र, डिलेश्वर, बालेश्वर, वंश, चिरंजीव एवं शिवम शामिल रहे।

### जल संसाधन व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी अवैध पाइप लाइन में जिम्मेदार

# सरपंचों को बर्खास्त और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

## निष्पक्ष जांच करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के ग्राम फुलझर स्थित न्यू लुक बायो फ्यूल्स कंपनी द्वारा पाईप लाइन बिछाए जाने में भारी अनियमितता का आरोप सामने आया है। ग्रामीणों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा, कोपेडीह सरपंचों को बर्खास्त कर गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फैक्ट्री के मालिक और प्रबंधक पर भी अवैध तरीके से पाईप लाइन बिछाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की बात उन्होंने की है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन को जनता का प्रजातंत्र में विश्वास मजबूत बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई तत्काल करनी चाहिए।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने भी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कंपनी के संचालन में लगे अन्य संबंधित व्यक्तियों और अन्य के गठजोड़ की भी जांच की आवश्यकता बताई है। कंपनी द्वारा ग्रामीणों को फंसाने की धमकी और उकसाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, पार्षद अमित कुशवाहा, पूर्व सरपंच देवलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



**पाईप लाइन बिछाने का कार्य अवैध**

उन्होंने कहा कि फैक्ट्री तक पाईप लाइन बिछाने हेतु ग्राम पंचायत की अनुमति लिए बिना ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जो कि पूरी तरह से अवैध है। तथाकथित वायरल आडियो में भाजपा मंडल अध्यक्ष व टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू और कोपेडीह सरपंच द्वारा कंपनी से रुपए लेने की बात सामने आ रही है। दोनों ही पंचायतों के सरपंचों की मौन सहमति और मिलीभगत से यह कार्य कराया गया है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

**संलिप्तता की हो जांच**

आक्रोशित टेड़ेसरा के ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे मुदलियार ने कहा कि यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से 5 किलोमीटर लंबी पाईप लाइन बिछा दी गई है और जल संसाधन विभाग और लोक निर्माण विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी और दूसरी तरफ उनकी संलिप्तता की भी जानकारी सामने आ रही है। इसकी भी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

## स्काई लिफ्ट से सुधारी जा रही विद्युत व्यवस्था



**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद से लगाए गए करीब 100 से अधिक विद्युत पोलों की खराब लाइटों के कारण नगरवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका कवर्धा से स्काई लिफ्ट मंगवाकर मरम्मत कराया जा रहा है। इस पहल से आगामी दिनों मे बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

जानकारी के अनुसार नगर में पहले 51 लाख और फिर 64 लाख 78 हजार की लागत से विद्युत पोल लगाए गए थे। अधिकांश पोल की लाइटें बंद या खराब हो चुकी हैं। कुछ पोलों की लाइटें लगातार जलती-बुझती रहती हैं, जिससे रात में लोगों को आवागमन में दिक्कतें आ रही थीं। विशेष रूप से कवर्धा रोड और पंडरिया रोड़ पर लगी लाईट के नहीं जलने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। नगर निकाय से मिली जानकारी के अनुसार स्काई लिफ्ट की मदद से खराब लाइटों की मरम्मत किया जा रहा है। जो लाइटें मरम्मत योग्य नहीं हैं, उन्हें बदलकर नया लगाया जा रहा है। नगर पंचायत के सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि नागरिकों को बरसात और ठंड के दिनों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मरम्मत कराया जा रहा है।

### द्वितीय प्रवेश सूची जारी

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक स्तर के बीए, बी. कॉम, बीएससी (बायो/गणित), बीसीए, डीसीए प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में ऑनलाइन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने हेतु महा. के वेबसाइट के माध्यम से 15 जून तक निर्धारित की गई थी। प्रथम प्रवेश सूची जारी किए गए थे। अंतिम तिथि पश्चात शेष रिक्त सीटों के लिए 27 जून को द्वितीय प्रवेश सूची जारी की गई है। जिसके अनुसार बीए प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 62.6, अपिव में 61 तथा अजा में 51 प्रतिशत तक गई है। बी.कॉम. प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 71.8, अपिव में 65.4, अजजा में 50.8 तथा अजा में 51 प्रतिशत तक गई है। बीएससी गणित प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 59.4, अपिव में 50.4 प्रतिशत, अजजा में 49.0 तक गई है। बीएससी बायो (सीबीजेड ) प्रथम वर्ष में कट ऑफ अना. वर्ग में 70.6, अपिव में 69 प्रतिशत, अजा 47 एवं अजजा 36 प्रतिशत तक गई है। बीसीए प्रथम वर्ष में कट ऑफ अनारक्षित वर्ग में 63.2, अपिव में 62.4 अजजा में 55.6 तथा अजा में 52.6 प्रतिशत तक गई है।

## सफाई अपनाओ- बीमारी भगाओ अभियान शुरू

**गंडई पंडरिया।** भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार नगर पंचायत गंडई में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जाएगा। एक महीने की अवधि में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। इस मिशन के लिए सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ का स्लोगन दिया गया है। शासन का लक्ष्य जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता को एक प्रभावी विकल्प के रूप में प्रोत्साहित करना है। इसके लिए सतत स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आगामी 31 दिनों में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि नगर के विभिन्न स्थानों पर कई गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान को क्रियान्वित करेंगे और जागरूकता लाने का प्रयास करेंगे। इन गतिविधियों में स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालियां और जल निकाय, स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के साथ नवाचार भी शामिल है। सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि शासन की इस महत्वाकांक्षी अभियान को धरातल पर सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए हर दिन नगर में अनाउंसमेंट कराया जाएगा।

बड़ी संख्या में जनता को प्रतिदिन की गतिविधियों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. सोनी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के प्रभारी डॉ. प्रशांत सोनी को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं सुदृढ़ करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया है। दुर्ग में आयोजित स्वास्थ और समर्पित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय समारोह में डॉ. सोनी को सम्मान मिला। इस अवसर पर प्रदेश भर के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री जायसवाल ने डॉ. सोनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में कार्यरत चिकित्सकों की सेवा भावना ही स्वास्थ्य तंत्र की असली रीढ़ है। डॉ. सोनी जैसे चिकित्सकों के कारण ही दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो रही है। डॉ. प्रशांत सोनी कई वर्षों से गंडई क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से न केवल स्थानीय लोगों का विश्वास जीता है, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को भी आधुनिक और बेहतर बनाया है। कोरोना महामारी के दौरान उनकी सक्रिय भूमिका रही। टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए उन्हें पहले भी जिला स्तर पर प्रशंसा मिल चुकी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. सोनी ने इस उपलब्धि को चिकित्सा स्टाफ, नर्सिंग कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए एक प्रेरणा है। डॉ. सोनी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए किया सम्मानित



## अन्नदाताओं से छल कर रही है प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत पिन्टू ने जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सुशासन की बात करते हैं, पर इस खेती के सीजन में चारो ओर कुशासन नजर आ रहा है। देश की भूख मिटाने वाले किसान इस कुशासन में बेहद परेशान हैं। सोसायटियों में खाद नहीं मिल रहा। किसान रोज सोसायटियों में लंबी लाइन लगाकर खाद के लिए इंतजार करने मजबूर हैं। डीएपी से लेकर अन्य खाद का संकट बना हुआ है। किसान खेती का कार्य शुरू कर चुके हैं, पर खाद के बगैर अटक से गए हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है और राज्य में भी। उन्होंने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार है, पर हालात देखने से लगता है कि डबल इंजन से तो अब बदहाली का धुंआ निकलने लगा है, इसे जनता देख रही है। सोसाइटियों में पर्याप्त खाद-बीज की व्यवस्था नहीं की जाएगी तो आने वाले समय में वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो सडक़ पर भी उतरेंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि उनके पास रोज जिले के किसान पहुंच रहे हैं और बता रहे हैं कि खाद नहीं मिल रहा। किसान तो यह भी कहने लगे हैं कि कांग्रेस राज में यह समस्या नहीं थी, बल्कि कर्ज माफी सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से राहत पहुंचाई जा रही थी, पर वर्तमान में हालत देखकर लगता है कि भाजपा को किसानों के दुख-दर्द से कोई वास्ता नहीं है।

## बैठक में धर्म एवं समाज हित के निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ अंतर्गत जिला मातृशक्ति परिषद् ईकाई की बैठक रविवार को ब्राह्मणपारा स्थित डॉली तिवारी के निवास में संपन्न हुई। जिला ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की अध्यक्ष डाली तिवारी एवं जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन के विस्तार एवं आगामी आयोजन पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पं.रामानुज तिवारी ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से संगठनात्मक कार्यों में सेवा करना चाहिए।

प्रदेश संयुक्त सचिव पं सचिव तिवारी ने कहा कि हमारी संगठनात्मक कार्यशैली से सामाजिक स्वजनों का प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होना ही सामाजिक कार्यों में समर्पण को प्रदर्शित करता है। रायपुर की संयोजक कालिंदी उपाध्याय एवं संगठन विस्तार प्रमुख संध्या उपाध्याय ने संगठन की की सभी बहनों की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी पर्यावरण संरक्षण, सनातन धर्म एवं समाज हित में जो कार्य कर रही है वह अनुकरणीय है।



**मंदिर परिसर में पौधरोपण**

प्रदेश पदाधिकारियों एवं परिषद की महिलाओं ने प्रदेश स्तरीय प्रकृति श्रृंगार अभियान अंतर्गत बघरमपाठ के श्री वैष्णो माता मंदिर में पूजा आरती की।तत्पश्चात मंदिर परिसर में पुष्प के पौधों का रोपण किया। बैठक में सनातन धर्म एवं समाज हित सहित आगामी सावन माह में प्रस्तावित आयोजनों पर चर्चा हुई। प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला पराशर ने प्रेमलता तिवारी एवं रोहिणी शर्मा को मुख्य एवं युवा परिषद् के गठन की जिम्मेदारी सौंपा। नुपूर तिवारी को दुर्ग संभाग का मिडिया प्रभारी नियुक्त किया। बैठक में विमला शर्मा, शैल शर्मा, रुपा उपाध्याय, सरिता शर्मा, श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, श्रद्धा तिवारी, अंजू तिवारी, अंजू पांडेय, आरती तिवारी, श्रद्धा दुबे, सीमा मिश्रा, अर्चना दुबे, मोना मिश्रा, रेणु त्रिपाठी, मोना चौबे आदि मौजूद थी।

### फैसले किसानों के हित में

**राजनांदगांव।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का हृदय से स्वागत करते कहा कि इससे किसानों एवं जनता में हर्ष की लहर है, क्योंकि मंत्रिमंडल की बैठक में कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते इसके दायरे को बढ़ाया गया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत ध्यान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। सचिन बघेल ने कहा कि करीब 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है तो उन्हें भी कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्री बघेल ने मंत्रिमंडल के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### जिलेभर के 48 नए व पुराने आचार्य व दीदी प्रशिक्षण में हुए शामिल

# संस्कृति को बचा रहा वनांचल शिक्षा सेवा न्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छग रायपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र राजनांदगॉव व केसीजी जिले के संकुल अंतर्गत आने वाले शालाओं के नए व पुराने आचार्यो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। खैरागढ़, छुईखदान और डोंगरगढ़ ब्लाक से 48 नए व पुराने आचार्य व दीदी प्रशिक्षण शिविर मे शामिल हुए है।

शिविर का उद्घाटन सत्र खम्हन ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य, दिनेश वर्मा की अध्यक्षता और गोरेलाल वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। संघ के जिला मुख्य मार्ग प्रमुख राजू लाल यादव प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता थे। मुख्य अतिथि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि आज जिस तरह अपने संस्कृति को बचाने की चुनौती है उस समय आप सबने इस चुनौती को अवसर में बदलने के लिए वनांचल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए कदम उठाया है वह सराहनीय है। आपके माध्यम से ही समाज मे परिवर्तन होगा और हमारा भारत जल्द ही विश्वगुरु बनेगा। मुख्यवक्ता राजूलाल यादव ने कहा कि जिस प्रकार देश की आजादी में महापुरूषों का अविस्मरणीय योगदान है उसी प्रकार आज हमारी भूमिका समाज को शिक्षित करने में होनी चाहिए। स्वास्थ्य को लेकर लोगों को सजग रहने की आवश्यकता है। शिक्षा के साथ साथ संस्कार की बहुत आवश्यकता है जो सरस्वती शिक्षा केन्द्र के माध्यम से आपके द्वारा दी जाती है। शिविर में सुबह से रात दस बजे तक विभिन्न कालखंडो में प्रार्थना, शारीरिक खेलकूद, गीत, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषय शामिल है। गौरतलब है कि सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निःशुल्क कला संस्कृति, खेलकूद व शैक्षणिक विकास के लिए संचालित की जाती है इसमें गांव के युवक युवतियां आचार्य के रूप में अपनी सेवा देते है। शिविर के प्रथम सत्र का समापन मां भारती की आरती पूजा के साथ हुआ। इस दौरान राजेश मिश्रा, निक्कू श्रीवास,श्रीराम यादव, रोशन जंघेल, खेमन वर्मा, रितेश सिन्हा सहित आचार्य दीदी उपस्थित थे।

## शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का कराया मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत भव्य साज-सज्जा के साथ बच्चों को मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाने के साथ की गई। उक्त अवसर पर इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में पालकों को नांदगांव शिक्षा मंडल के संचालकों ने बच्चों की शिक्षा से संबंधित भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। प्री-प्राइमरी से शुरू की गई।


नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 25 जून को आकर्षक साज-सज्जा के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों को मंगल तिलक लगाकर आगामी सत्र में प्रवेश के साथ ही शुभकामनाएं देते मिठाई खिलाई गई। प्रारंभिक उद्बोधन शाला प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने देते बताया कि नांदगांव शिक्षा मंडल का शिक्षा में योगदान कोई नया नहीं है। उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय की नींव रखने के साथ ही विधि महाविद्यालय में कानून की शिक्षा देते हजारों छात्रों को वकालत के पेशे से जोड़ा है।



**शिक्षा समाज सेवा का बेहतर माध्यम**

संस्था के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने कहा कि बच्चों में संस्कारों का प्रस्फुटन शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है । इसी उद्देश्य के साथ हमने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षा का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में संस्था के उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने आंचलिक भाषा में पालकों को संबोधित करते शिक्षा को समाज सेवा का बेहतर माध्यम बताया । डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि आने वाले समय में यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्था सचिव अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उबरानी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अशोक कोटड़ियि ने भी बच्चों को तिलक लगाकर कक्षाओं में प्रवेश कराया।

# डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई...




## डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई



**डॉ. संजय बख्शी**
एम.बी.बी.एस. डी आर्थो
अस्थि रोग विशेषज्ञ
हाऊसिंग बोर्ड कालोनी
लालबाग राजनांदगांव
मो. 9826113123
सुबह 10 से 4 बजे तक, शाम 7 से 9 बजे तक

## किसी भी प्रकार की हृदय समस्या के लिए
VARDAAN POLYCLINIC
वरदान पॉलीक्लिनिक

| डॉ. जाहिद खान | डॉ. रितेश नि. भोस्कर | डॉ. कल्याण श्याम वझलवार |
|---|---|---|
| हृदय रोग विशेषज्ञ | हड्डी रोग विशेषज्ञ | नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ |

**हृदय रोग संबंधी होने वाले लक्षण**
- सीने में भारीपन
- चलने पर सांस फूलना
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना
- हार्ट अटैक

**हड्डी रोग में दिखने वाले लक्षण**
- हड्डी में चोट या फ्रैक्चर.
- कमर दर्द, गर्दन का दर्द.
- ऑर्थराइटिस.
- गठिया से होने वाला दर्द
- जोड़ों में दर्द.
- हड्डी और लिंगामेंट से जुड़ी सभी समस्याएँ.

**उपलब्ध बाल चिकित्सा सेवाएं**
- नवजात शिशु से लेकर 18 साल तक के बच्चों का संपूर्ण स्वास्थ्य परामर्श
- अनुवांशिक बिमारियों पर पालकों का मार्गदर्शन
- बच्चों का विकास परीक्षण एवं आहार परामर्श
- किशोरवय समस्या निवारण
- सांस लेने की समस्या, न्युमोनिया,
- दमा, टी.बी. संबंधित उपचार व परामर्श
- बदलते मौसम में होने वाली सर्दी-खाँसी का इलाज
- खून की कमी, पेट की समस्या,
- उल्टी-दस्त, अन्य समस्याओं का इलाज

**नवजात शिशु एवं बाल हृदय रोग के 2D इको का एकमात्र स्थान**
ओ.पी.डी. समय : शाम 05:30 बजे से रात्रि 08:30 तक
बग्गा पेट्रोल पंप के सामने, वीआईपी रोड, बसंतपुर वार्ड नं. 44 राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें : 93299-45145, 96855-45146

## विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...



**Dr. Prachi Sahu**
(Gold Medalist)
Homoeopathic Consultant

**Homoeopathy has cure for :-**
- ENDOMETRIOSIS
- FISSURE
- ALLERGIES
- INFERTILITY
- THYROID AND OTHER
- RECURRENT COLD COUTH
- FEVER
- JOINT DISEASES
- HARMONAL DISORDERS
- BRONCHITIS
- PILES
- STONES
- SKIN DISEASE
- ASTHMA
- MENSTRUAL DISORDERS
- OVARIAN CYST
- FIBROID
- PAEDIATRIC ISSUES ETC.

Contact No. 7000289170
Anupam Nagar, Stadium Road, Rajnandgaon

## डॉक्टर्स-डे
की हार्दिक बधाई...
**डॉ. राजेश लारिया**
मोतीपुर, नवागांव रोड
राजनांदगांव

# डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल
डॉक्टर्स-डे की हार्दिक बधाई...

**शिशु रोग विशेषज्ञ**
**40 Beded Multispeciality Hospital**
24 घंटे भर्ती सुविधा
समस्त शिशु रोग एवं मनो रोग के ईलाज,
ऑपरेशन व ICU / NICU की सुविधा
24 घंटे दवाई दुकान की सुविधा

डॉ. रमेश के. मोहबे (General Medicine) MD MBBS | डॉ. सौरभ मोहबे (शिशु रोग विशेषज्ञ) MS MBBS

परामर्श : प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक
पता : सरलादेवी काम्पलेक्स, बल्देव बाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन नं. 07744-404400, 6232021001, 6232021002



विश्वसनीय एवं भरोसे का प्रतीक
# शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
SMS HOSPITAL

## विश्व चिकित्सक दिवस
की हार्दिक बधाई...

**नन्हीं जान पर न आए आंच**
**बरसात में रखें खास ध्यान!**

बरसात के मौसम में नवजात शिशुओं को कई बीमारियाँ जल्दी घेर सकती है, जैसे:
सर्दी-खासी | निमोनिया
डायरिया (दस्त)
मलेरिया व डेंगू
आँख आना या इंफेक्शन

**उपलब्ध सुविधाएं :**
- नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU)
- शिशु जन्म के बाद पूर्ण चेकअप
- अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञ की टीम
- 24x7 नर्सिंग एवं आपातकालीन सेवाएं
- टीकाकरण की सम्पूर्ण सुविधा
- फीडिंग, वजन और विकास की निगरानी
- इंफेक्शन से बचाव हेतु विशेष देखरेख

बच्चों के लिए विशेष परामर्श के लिए संपर्क करें
24/7 Emergency Services
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301033013, 9752899208, 7772032888

## सार समाचार

### विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 1 जुलाई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव एवं भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम परमालकसा से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे। वे शाम 6 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6.10 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव पहुंचकर युवा योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हरित उद्यान में परिवर्तित होगा दिग्विजय क्लब



**राजनांदगांव।** नगर निगम से लगे दिग्विजय क्लब मैदान को अब हरित उद्यान में परिवर्तित करने क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संकल्प लिया है। आज नगर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव की विशेष उपस्थिति में पौधों को रोपकर सभी ने हरियाली का श्रीगणेश किया। स्थानीय दिग्विजय क्लब मैदान को हराभरा करने संस्था अध्यक्ष किशोर बेलावाला के मार्गदर्शन में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि क्लब सदस्यों का यह प्रयास आम लोगों के लिए जागरूकता भरा संदेश बनकर चेतना का प्रसार करेगा। संस्था अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुरेश एच. लाल ने आने वाले समय में पर्यावरण की शुद्धि के लिए इस प्रयास को स्वागत योग्य बताया। कार्यक्रम का संचालन आनंद वर्गीस ने किया। इस अवसर पर विजय जैन, अजय सिंह, सुशील पसारी, अंजुम अल्वी, उमाकांत भारद्वाज, डॉ. उत्तम, छत्रपाल साव, संजय रिजवानी सहित सदस्यों की उपस्थिति रही।

### प्रदेश कार्यालय का नांदगांव में उद्घाटन



**राजनांदगांव।** बाबूटोला वार्ड में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मीणाकेतन पटनायक ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पटनायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट हेडक्वार्टर आज ओपन हुआ है। इसमें प्रदेश और जिले के समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट के सभी जिलों में कार्यालय खोलना है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनुमोदित समस्त जानकारियां प्रदान की। उन्होंने छत्तीसगढ़ अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन को 20 करोड़ वृक्षारोपण करते प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक छत्तीसगढ़ को देने का प्रस्ताव किया। प्रदेश अध्यक्ष रॉकी रेनॉल्ड एंथोनी ने कहा कि मानवाधिकार रक्षक वे व्यक्ति या समूह होते हैं, जो मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए काम करते हैं। प्रदेश लीगल एडवाइजर नवनीत कुमार बारस्कर व प्रदेश उपाध्यक्ष लोकेश देवांगन ने अपने विचार रखे।

### तिलईरवार स्कूल में हुआ पौधरोपण



**राजनांदगांव।** शा. उ.मा.विद्यालय तिलईरवार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर इस संस्था में भी पौधरोपण का कार्य किया गया। विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाना। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सहभागिता से लगभग 10 से 12 गमलों में पौधारोपण किया गया। लगभग 16 पौधे फलदार, छायादार पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया गया। प्राचार्य अशीम यदु ने बताया कि यह पौधारोपण का कार्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रकृति से जोड़ने का एक शानदार तरीका है। आज विद्यालय परिसर में लगभग 250 से भी अधिक फूलदार, फलदार, छायादार एवं औषधि पौधे सुरक्षित हैं, जो विद्यालय में हरियाली का प्रतीक बना हुआ है।
कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, अशीष मसीह, दानेश्वर साहू एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया।

### महापौर ने रोड निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** वार्ड विकास की कड़ी में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15 लाख रुपए की लागत से वार्ड नं. 45 के गणपति विहार में सीमेंट कांक्रिटींग रोड व डीएफओ बंगला के पास नाली निर्माण तथा जीवन बी कालोनी में लगभग 7 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सावन वर्मा, शैकी बग्गा, दुरेन्द्र साहू, रवि सिन्हा, सतीश साहू, शरद सिन्हा, विजय राय शामिल थे। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड की लोकेश्वरी वर्मा, सुनीता साहू, सोनम राजपूत, सुबोध अग्रहरि, भोला पोद्दार, अरूण राव, प्रमोद साहू, गोवर्धन वर्मा, राहुल सिंग ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि रोड एवं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही सामुदायिक भवन निर्माण के लिए इसी वार्ड में भूमिपूजन किया गया था। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होगा, ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके।

### कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया अल्टीमेटम

# अतिक्रमण नहीं हटाने पर भड़के ग्रामीण, चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर के सिंगदई वार्ड नं. 50 के शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग लेकर आज वार्ड के सैकड़ों ग्रामीण नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। वार्ड में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से नाराज वार्ड के ग्रामीणों ने 24 घंटे के भीतर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी है।

शिकायत के बाद भी अतिक्रमण के मामले में नगर निगम द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज वार्ड के ग्रामीणों ने बताया कि सिंगदई वार्ड ग्राम पंचायत था। उस समय मोहड़ रोड़ की जमीन जिसका क्षेत्रफल 7.3290 हेक्टयर खसरा नं. 135 था, जिस जमीन को मथान के नाम से जाना जाता है। पूर्व में निर्णय लेकर उस जमीन को चारागाह के लिए सुरक्षित रखा गया था, लेकिन वर्तमान में दो-चार लोगों द्वारा अतिक्रमण करके वहां पर पक्का मकान बना लिया गया है, जिन लोगों ने मकान बनाया है, उन लोगों के पास पहले से गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बना हुआ है। उनके द्वारा अब शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके पक्का मकान बनाया जा रहा है। वार्ड के ग्रामीणों ने महापौर मधुसूदन यादव से मिलकर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की मांग की है जिस पर उन्होंने वार्ड के लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

#### 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

वार्ड के पार्षद मुकेश कुमार साहू ने बताया कि सिंगदई वार्ड में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। वार्ड में मीटिंग रखकर अतिक्रमणकारियों को समझाईश भी दी गई थी, लेकिन वह नहीं माने। अतिक्रमण को लेकर नगर निगम आयुक्त को भी शिकायत की गई थी, पर कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद ने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो सिंगदई चौक पर बालोद रोड में चक्काजाम किया जाएगा।

#### गेट के बाहर नारेबाजी

वार्ड की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत के बाद भी अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज वार्ड के सैकड़ों लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के गेट पर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले भी मौजूद रहे।

#### नियमानुसार होगी कार्रवाई

ग्रामीणों और वार्ड पार्षद द्वारा ज्ञापन दिया गया है। एसडीएम और निगम आयुक्त को नियमानुसार कार्रवाई करने कहा गया है।
- डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर

# कथा वाचकों के साथ दुर्व्यव्हार समाज ने की कार्रवाई की मांग



- सर्व यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** उत्तरप्रदेश के इटावा में यादव समाज के कथा वाचकों के साथ हुए दुर्व्यव्हार के मामले में सर्व यादव समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

यूपी के इटावा में दो कथा वाचक मुकुटमणि यादव और संत सिंह यादव के साथ ब्राह्मण समाज के एक परिवार द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार के मामले में आक्रोश जताया है। सर्व यादव समाज ने जातिवाद के नाम पर कथा वाचकों के साथ किए गए मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई करने ज्ञापन दिया है। कथावाचकों के साथ हुई घटना को लेकर गहरा आक्रोश है।

#### प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी

सर्व यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश यादव ने कहा कि व्यासपीठ से नीचे उतरकर कथा वाचकों के साथ मारपीट करते हुए उनकी चोटी काट ली गई। उनके साथ अभद्र और अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है तो छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी सर्व यादव समाज द्वारा आंदोलन किया

#### समाज हुआ आहत

सर्व यादव समाज ने अपने ज्ञापन में कहा है कि भारत तमाम संस्कृतियों, मान्यताओं, धर्मावलंबियों का देश है। यहां सबको सम्मान मिले, सब के स्वाभिमान की रक्षा हो, ऐसा हमारे संविधान में वर्णित है। छत्तीसगढ़ के महासमुंद की कथा वाचिका यामिनी साहू और मध्यप्रदेश की देविका पटेल को भी कथा वाचन से रोकने का प्रयास किया गया है। उनके साथ भी अभद्रता की जा चुकी है। अब उत्तरप्रदेश के इटावा में कथा वाचकों के साथ जो बर्ताव किया गया है उसे लेकर छत्तीसगढ़ के 35 लाख यादव आहत हैं।

# पाइप लाइन बिछाने पर भड़के ग्रामीण

**राजनांदगांव।** औद्योगिक क्षेत्र टेडेसरा एरिया में बड़ी-बड़ी कंपनियां अपना उद्योग व फैक्ट्रियां संचालित कर रही है। फैक्ट्री प्रबंधकों द्वारा कारखाना अधिनियमों की धज्जियां उड़ाते नियम विरुद्ध काम करने का लगातार मामला सामने आ रहा है। फूलझर स्थित न्यू लूक बायो फ्यूल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा टेडेसरा जलाशय के बिना परमिशन पानी ले जाने पाईप लाइन बिछाने का मामला अभी ठंडा ही नहीं हुआ है। अब क्षेत्र के कोपेडीह गांव में संचालित कल्याणी इस्पात फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा जोरातारई से अंजोरा मार्ग की खुदाई कर पाईप लाइन बिछाने का मामला सामने आ रहा है। प्रबंधन की इस मनमानी से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि कोपेडीह गांव में लगभग 200 एकड़ से भी अधिक भूमि पर कल्याणी इस्पात संयंत्र का कार्य पिछले एक वर्ष से किया जा रहा है। जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा अपनी मनमानी करते बिना पंचायत एनओसी के जोरातराई से अंजोरा-कोपेडीह जाने वाले रोड किनारे को खुदाई कर पाईप लाइन बिछाई जा रही है।

#### बारिश के दिनों में आवाजाही में हो रही दिक्कत

ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा पाईप लाइन बिछाने ग्राम पंचायत जोरातराई से किसी प्रकार का परमिशन नहीं लिया गया है। सड़क की खुदाई से जोरातराई सहित क्षेत्र के ग्रामीणों को बारिश के दिनों में आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कल्याणी इस्पात के एचआर चंद्रकांत गुप्ता ने पाईप लाइन बिछाने सड़क किनारे की खुदाई करने की जानकारी नहीं होने की बात कही।

# सोसायटियों में डीएपी खाद संकट को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



सेवा सहकारी समितियों में रासायनिक खाद की कमी को लेकर केन्द्र और प्रदेश सरकार को घेरने कांग्रेस कमेटी द्वारा सोसायटी के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। शहर के सहकारी बैंक परिसर स्थित ढाबा सोसायटी के सामने फ्लाई ओवर के नीचे कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन करते किसानों को खाद नहीं मिलने को लेकर प्रदेश सरकार पर किसान विरोधी सरकार होने का आरोप लगाया।

खाद की कमी को लेकर सेवा सहकारी समितियों का घेराव करने आयोजित कांग्रेस के धरना प्रदर्शन को विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और शासन की लचर व्यवस्था के चलते यहां के कृषकों को समय पर खाद-बीज नहीं मिल रहा है। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें आ रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता कराना था, लेकिन सहकारी समितियों में खाद-बीज नहीं होने से किसान हताश और परेशान हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश के सोसायटियों में रासायनिक खाद-बीज की उपलब्धता नहीं होने के कारण किसानों को कृषि कार्य में दिक्कतें हो रही।

#### विभिन्न वक्ताओं ने किया संबोधित

धरना प्रदर्शन को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रवक्ता रूपेश दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, गोपीचंद गायकवाड़, जयनारायण सिंह, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवंशी, नासिर जिंदरान, संतोष पिल्ले, मदन साहू, सुरेन्द्र देवांगन, डॉ. कुमार ने संबोधित किया।

#### खाद का बनाया जा रहा संकट

धरना प्रदर्शन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी कार्य कर रही है। डीएपी, यूरिया और अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं कराकर किसानों पर अन्याय कर रही है। वहीं जो बीज किसानों को दिया जा रहा है, वह भी घटिया क्वालिटी की है। उन्होंने कहा कि सरकार जानती है कि डीएपी खाद से पैदावार उर्वरक क्षमता बढ़ती है। जिससे एक एकड़ में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती है, परंतु सरकार चाहती कि फसल की पैदावार मात्र 30 प्रतिशत ही हो। जिससे प्रति एकड़ पैदावार मात्र 14 से 15 क्विंटल ही हो, ताकि किसानों से ज्यादा धान न खरीदना पड़े।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज वितरित करेंगे 165 नियुक्ति पत्र

### एनएचएम के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



राजनांदगांव जिले के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मंगलवार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन होगा। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कुल 165 पदों पर नियुक्ति पत्रों का वितरण किया जाना है।

यह नियुक्ति प्रक्रिया प्रदेशभर में सबसे कम समय में पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इन नियुक्तियों से राजनांदगांव जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नया जीवन मिलेगा। साथ ही युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के सशक्त अवसर भी प्राप्त होंगे।

इन नियुक्तियों के माध्यम से जिले के 17 शेष आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब पूरी तरह से क्रियाशील हो जाएंगे। वहीं 54 नर्सिंग स्टाफ, 6 रेडियोग्राफर, 4 आयुष चिकित्सा अधिकारी, 2 दंत चिकित्सक, 3 काउंसलर, 1 मनोवैज्ञानिक, 14 पुरुष स्वास्थ्य संयोजक, 21 सचिवीय सहायक, 17 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, 21 एएनएम / एनएचएम, 3 परामर्शदाता (एनएचएम), 1 मनोवैज्ञानिक (एनएमएचपी), 2 डेंटल सर्जन, 1 टीबी स्वास्थ्य आगंतुक (एनटीईपी), 15 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 1 तकनीकी सहायक (एनपीपीसीडी), 1 व्यक्तिगत सहायक (डीपीएचएन), 1 अटेंडेंट (एसए-एनएमएचपी), 1 डेंटल असिस्टेंट (एनयूएचएम), 1 नेत्र सहायक (एनयूएचएम), 1 प्रयोगशाला सहायक (आईडीएसपी) जैसे पदों की बहाली से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल परमालकसा में कुल 18 लाख रुपए से अधिक की लागत से निर्मित महिला भवन, बोरखानन, साइकिल स्टैंड सहित 5 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। ये विकास कार्य क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते तैयार किए गए हैं, जो ग्राम स्तर पर बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

#### मारकंडेय नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** छग की षष्टम् विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 से 18 जुलाई से आयोजित किया गया है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने विस सत्र राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों सहित अन्य जानकारी समयावधि में छग शासन व आयुक्त भू-अभिलेख एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# सड़कों में अतिक्रमण हटाने के कार्य में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने 25 जून को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनांदगांव शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

कलेक्टर ने कहा कि शहर में यातायात तथा पार्किंग व्यवस्था मजबूत बनाने स्थायी तौर पर स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने सड़कों में अतिक्रमण हटाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित होता है, अतिक्रमण हटाने से यातायात व्यवस्था में होने वाली समस्या का समाधान हो सकेगा।

#### चालान काटने करें कार्रवाई




डॉ. भुरे कहा कि पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करते कार्य करने की आवश्यकता है। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालान काटने की कार्रवाई करें। उन्होंने चिखली स्थित ओवरब्रिज पर अस्थाई डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में सुरजन गली, कामठी लाइन, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक सहित अन्य चौक में ट्रांसफार्मर एवं बिजली पोल हटाया जाना है। इस कारण शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है और यातायात बाधित होता है।

#### सूचक बोर्ड लगाने की जरूरत

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को ट्रांसफार्मर एवं बिजली पोल को अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नो एंट्री, वन-वे, स्पीड ब्रेकर सहित अन्य सूचनात्मक एवं दिशा सूचक बोर्ड लगाने की जरूरत है। जिससे वाहन चालकों में सावधानी एवं सजगता होती है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते ऐसे चिन्हांकित स्थानों में सुधारात्मक कार्य, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन से संबंधित बोर्ड लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना पर रोकथाम के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है।

#### पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने अतिक्रमण हटाने से समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की रोकथाम करने के लिए चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थानों में सुधार कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करने कहा। उन्होंने कहा कि ठेला, पसरा लगाने वालों के लिए स्थायी व्यवस्था करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शहर में जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में जाम की स्थिति बनती है। सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग एवं निर्बाध आवागमन के लिए पुख्ता व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए नए पार्किंग स्थल के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आवश्यकता है
डोंगरगढ़ शहर, अछोली, नागतराई, इंदिरा नगर क्षेत्र में 'हरिभूमि' समाचार पत्र वितरण हेतु लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं जरुरतमंद तुरंत संपर्क करें।
संपर्क : प्रकाश अग्रवाल, अनुभव न्यूज एजेंसी
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, मो. 9300963883

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक



9 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 205
हिमालयन रेवले, टाईगर हील, बतासिया लुप, दार्जिलिंग रोपवे, नाइटिंगले पार्क, रूमटेक मॉनिस्ट्री, गनेश टॉक, हनुमान टॉक, एम.जी. मार्केट, नाथुल्ला पास, चांगू लेक, बाबा हरभजन टेम्पल
राशि:-स्लीपर 13500/-, 3 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ओंकार साहू का घर हुआ रौशन

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत लाभान्वित हुए कवर्धा नगर के रामनगर निवासी ओंकार साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह योजना उनके लिए आर्थिक और घरेलू समस्याओं से राहत का सशक्त माध्यम बनी है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में हर वर्ष बिजली की अधिक खपत के चलते उनका मासिक बिजली बिल 1500 से 2500 रूपए तक पहुंच जाता था, जिससे आर्थिक भार झेलना पड़ता था। साथ ही लगातार और लंबे समय तक बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य जरूरी कार्य प्रभावित होते थे। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत ऑनलाइन आवेदन किया और अपने मकान की छत पर सोलर पैनल लगवाया।

श्री साहू ने बताया कि उन्होंने 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया, जिसकी कुल लागत 2 लाख रूपए आई। इसमें केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 30 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी शीघ्र ही प्राप्त होने वाली है। इस तरह 1 लाख 8 हजार सब्सिडी मिल जाएगी। इस सहायता से उन्हें सोलर पैनल लगवाने में भारी आर्थिक सहयोग मिला है।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# 21 वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक अर्जित किए हैं। इनमें 02 स्वर्ण, 04 रजत एवं 08 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर सोमवार को जिले के विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीरधाम जिले की यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे प्रदेश का भी मान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए संकल्पित है और भविष्य में भी सभी आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण व सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन की भावना अनुकरणीय है। हमें गर्व है कि कबीरधाम जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे इसी तरह मेहनत करते रहेए तो आने वाले वर्षों में वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कबीरधाम और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करेंगे। इस अवसर पर यह भी उल्लेखनीय रहा कि खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे आर्मी ग्रुप के कोच सुनील सरोज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को कठिन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देकर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। खिलाड़ियों ने भी उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के सहयोग व प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण बना है। कोच सुनील सरोज ने बताया कि जिले में एथलेटिक्स के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं उभर रही हैं, आवश्यकता है उन्हें उचित मंच, संसाधन और मार्गदर्शन की। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के सहयोग और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता से अन्य युवा भी खेलों की ओर आकर्षित होंगे।



### इन खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

जिले के खिलाड़ियों ने 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रौशन किया है। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के 400 मीटर दौड़ में मनीषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। 5000 मीटर दौड़ में निशि ने दमदार दौड़ लगाते हुए तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि 3000 मीटर दौड़ में लाला सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4 इनटू 100 मीटर दौड़ में पप्पु, पंकज, सनत और दिनेश की टीम ने शानदार ताल-मेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह निखिल और नीलम की जोड़ी ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वेक चेस्ट प्रतिस्पर्धा में चंद्रभान ने तृतीय स्थान, भाला फेंक में विशाल ने द्वितीय स्थान, डीएसीए स्पर्धा में पारस ने प्रथम स्थान और नेमीष ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले के लिए एक बार फिर गौरव का क्षण निर्मित किया।

# कर्तव्य, सेवा और स्वास्थ्य है डॉक्टरों के जीवन का संकल्पः डॉ विनोद चंद्रवंशी




हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

1 जुलाई को प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मना रहे है। सच है धरती पर भगवान का रूप होते है डॉक्टर्स, हमने भगवान को तो नहीं देखा है लेकिन धरती पर भगवान का रूप कहे जाने वाले डॉक्टर्स को देखा है, आज उक्त दिवस में हम एक ऐसे डॉक्टर के बारे में चर्चा करने वाले है, जो डॉक्टर होने के साथ ही साथ एक खंड चिकित्सा अधिकारी भी है, जिन्होंने निःस्वार्थ सेवा की मिशाल कायम किया है।



डॉ विनोद चंद्रवंशी जो वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में एक खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ है, नगर पंचायत पिपरिया शहर तथा उस शहर के क्षेत्रवासियों को जिस प्रकार का डॉक्टर तथा खंड चिकित्सा अधिकारी चाहिए था वह उनको डॉ विनोद चंद्रवंशी के रूप में मिल गया है। वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया, अस्पताल का संचालन बड़े ही प्रभावी ढंग से कर रहे है, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी अपने खंड चिकित्सा अधिकारी के सारे कर्तव्यों और दायित्वों को बखूबी से निभा रहे है, इसके साथ ही साथ वे अपने डॉक्टर होने के फर्ज को भी अदा कर रहे है उनके इस क्षेत्र में होने से स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है।

जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया, अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है, उन मरीजों का कहना है कि हम डॉ विनोद चंद्रवंशी के पास अपनी समस्याओ को बहुत ही सहज तरीके से रख पाते है और वो हमे हमारे बीमारियों के बारे बहुत ही सरल तरीके से समझाते है, इसलिए हम उन्हीं से ही अपना मार्गदर्शन लेते है और इलाज भी उन्हीं से की करवाते है। बहुत से मरीज ठीक होकर जाते है और अपने आसपास के दूसरे मरीजों को भी इलाज के लिए लाते है तथा डॉ श्री चंद्रवंशी राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी है, इसलिए ओपीडी में सामान्य मरीजो के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मरीजों एवं नशा से ग्रसित मरीजों को भी देखते है तथा उनके द्वारा मरीजों से अच्छे से व्यवहार किया जाता है उनको उचित मार्गदर्शन देकर उनका इलाज भी डॉ विनोद चंद्रवंशी द्वारा किया जाता है। उनके नगर पंचायत पिपरिया शहर में होने से इस शहर के साथ ही साथ यहां के क्षेत्रवासी भी काफी खुश नजर आ रहे है, डॉ विनोद चंद्रवंशी के मरीजों के प्रति, निःस्वार्थ सेवा, मानवता, दयालुता तथा सहानुभूति की पराकाष्ठा को सिद्ध करता है।

# कांग्रेसी पार्षद पर पीएम आवास योजना में घोटाले का आरोप

## कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

पाण्डातराई नगर पंचायत एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। इस बार वार्ड क्रमांक 10 के कांग्रेसी पार्षद प्रदीप जायसवाल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ा घोटाला करने का गंभीर आरोप लगा है। पार्षद पर हितग्राही के नाम से आवेदन कर आवास अपने पत्नी के नाम करवाने और सरकारी राशि का दुरुपयोग करने की शिकायत सामने आई है। शिकायतकर्ताओं में शामिल सागर कोरी, पुष्पेंद्र पटेल और जसबीर सलूजा ने इस पूरे मामले को उजागर करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपा और पार्षद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक पार्षद प्रदीप जायसवाल ने वार्ड के एक गरीब आदिवासी परिवार की कृषि भूमि (खसरा नंबर 400/1, रकबा 0.03 हेक्टेयर) को आपसी बिक्री बताकर हड़प लिया, जबकि जमीन असल में चंदूलाल और सुंदरबाई के नाम पर दर्ज है। आरोप है कि इस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण अपनी पत्नी के नाम पर करा लिया गया, जिससे गरीब हितग्राही को उसका हक नहीं मिल पाया। जिस पर जनता और शिकायतकर्ताओं की कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग कि है कि ऐसे भ्रष्टाचार में लिप्त पार्षद को तत्काल पद से हटाकर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि इस तरह से गरीबों की योजना के साथ खिलवाड़ न कर सके।



### पद का दुरुपयोग और लाखों का नुकसान

आरोप है कि पार्षद ने अपने पद और दबदबे का गलत इस्तेमाल करते हुए, इस योजना में हेरा-फेरी की और सरकारी खजाने को लाखों का नुकसान पहुंचाया। ऐसे में योजना की मूल भावना-गरीबों को पक्की छत देना-ही धूमिल होती नजर आ रही है।

### आवास में शराब और चखना सेंटर का आरोप

शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास का उपयोग शराब सेवन और चखना सेंटर के रूप में किया जा रहा है, जो योजना की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।

# रूसे स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा/कोलेगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूसे में मुख्य अतिथि सरपंच दिलीप चंद्रवंशी एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष गीताराम साहू द्वारा मां शारदा के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर किया गया। इस शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक व निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया तत्पश्चात शाला प्रांगण में पौधरोपण किया गया। जिस पर शाला विकास समिति अध्यक्ष गीताराम साहू द्वारा नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को सतत स्कूल आने के लिए प्रेरित किया एवं सरपंच दिलीप चंद्रवंशी द्वारा बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया साथ ही साथ नियमित स्कूल आकर विद्यालय में सीखने की सतत प्रक्रिया को चालू करने के लिए बच्चो को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता लखन चंद्रवंशी, सुनील साहू, जीएल चंद्राकर, शिवानंद गिरि, सुधीर पाण्डेय, राधेश्याम राय, मुकेश चंद्राकर, मुन्ना लाल चंद्राकार, भूपत नायक, रामकृष्ण चंद्रवंशी, नेमेंद्र चंद्राकर एवं सदस्य प्रेमचंद चंद्रवंशी, नंदू यादव व शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



# पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात 123 वां एपिसोड सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघनपुरी बूथ क्रमांक 147 में मन की बात का 123वां एपिसोड देखा व सुना गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता की जिक्र किया। उन्होने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है, उन्होंने तेलंगाना में दिव्यांगजनों के योग से लेकर कश्मीर में जवानो के योग तक का जिक्र किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र मानिकपुरी, कार्यक्रम प्रभारी व मंडल महामंत्री नागेश्वर जायसवाल, बूथ अध्यक्ष शिलिप यादव, सरपंच प्रतिनिधि मनोहर धुर्वे, मोहन धुर्वे, जीवन धुर्वे, रामजी पटेल, भारत पटेल, कृष्णा यादव, बलीराम पटेल, दशरु यादव व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## शक्ति केंद्र डोंगरिया-देवगढ़िया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**हरिभूमि कुण्डा।** रविवार को भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र डोगरिया अंतर्गत बूथ क्रमांक 225 देवगढ़िया में प्रभारी महेंद्र धृतलहरे के सानिध्य में भाजपा कार्यकर्ता, बूथ कमेटी एवं ग्रामवासियों ने मोदी की मन की बात सुनी। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार प्रदेश भाजपा के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम के प्रभारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र धृतलहरे के कुशल मार्ग दर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत शक्ति केंद्र डोंगरिया-देवगढ़यिा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 123 वीं एपिसोड को बूथ अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता, बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड में योग दिवस का जिक्र किया और योग दिवस की थीम को लेकर भी चर्चा की प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार की थीम खास थी, योगा फॉर वन इर्थ वन हेल्थ यानि एक पृथ्वी एक स्वास्थ ये सिर्फ एक नारा नहीं ये एक दिशा है जो हमें वसुधैव कुटुंबकम का अहसास कराती है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में इमरजेंसी के पूरे 50 सालों को लेकर चर्चा की और कहा कि इमर्जेंसी में लोकतंत्र की हत्या की गई है और भारत के अवाम को परेशान किया गया।

## राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ का प्रांतीय निर्वाचन संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ का प्रांतीय निर्वाचन रविवार को संपन्न हुआ। संघ के तीन पदों प्रांताध्यक्ष, प्रांतीय सचिव और प्रांतीय कोषाध्यक्ष का निर्वाचन किया गया। 8 जून को संघीय बैठक में निर्वाचन की रूपरेखा तैयार की गई थी, जिसमें 19 से 21 जून तक नामांकन एवं 22 जून को नाम वापसी एवं 29 जून को निर्वाचन का तिथि निर्धारित किया गया था। निर्वाचन हेतु मतदान केंद्र संभागवार बनाया गया था। सभी संभाग में एक एक मतदान केंद्र बनाया गया था। प्रांताध्यक्ष हेतु 5 उम्मीदवार, सचिव के लिए 3 उम्मीदवार व कोषाध्यक्ष के लिए 4 उम्मीदवार निर्वाचन में भाग लिए थे। मतदान हेतु सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। मतदान उपरांत मतगणना संभागवार बनाए गए मतदान केंद्रों में ही किया गया। लगभग 4400 पटवारियों में 3072 पटवारियों ने मतदान किया, मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रांताध्यक्ष के लिए भागवत कश्यप (रायगढ़), सचिव के लिए निर्मल साहू (कवर्धा) और कोषाध्यक्ष के लिए प्रमोद टण्डन (बिलासपुर) निर्वाचित हुए। जिससे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## शासकीय प्राथमिक शाला लोचन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हरिभूमि कवर्धा। शासकीय प्राथमिक शाला लोचन में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत लोचन सरपंच दिलेश निषाद एवं शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष सुरेश साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा साहू ने कहा कि बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजने पर जोर दिया, वही शिक्षक गौतम लाल साहू ने कहा कि खेल-खेल मे सीखना तथा सीखने और जीतने पर बल दिया। वही शिक्षक योगेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि बच्चो को गतिविधियो के साथ पढ़ने-पढ़ाने मे बच्चे रुचि लेते है एवं पालकगण महेतरु साहू, सूरज निषाद, श्रवण साहू, राजू निषाद, भरोसा निषाद, कमल धुर्वे, अशोक साहू, हीराबाई साहू, गुलाबा पाल, भुनेश्वरी निषाद, जमोत्री साहू, गंगा पाल, दिव्या निषाद, सरोजिनी धुर्वे, लक्ष्मी धुर्वे, कौशल्या साहू, सुनीता, भगवती धुर्वे, रूमेश्वरी साहू, चुंबन धुर्वे, सेवती व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद शिशु मंदिर पंडरिया में धूमधाम से मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

स्वामी विवेकानंद शिशु मंदिर पंडरिया में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा फिता काटकर बड़े उत्साह से विद्यालय में प्रवेश के साथ इन पलो को विशेष और अविस्मरणीय बनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव के इस शुभ अवसर पर दीप प्रज्जलन और मां सरस्वती वंदना के साथ सभी का स्वागत तथा बच्चो में मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला विकास समिति अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी, सक्रिय पार्षद अनुराग सिंह ठाकुर, विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक शर्मा, प्राचार्य मनेंद्र शांडिल्य, सागर शर्मा व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा पालक गण उपस्थित थें। कार्यक्रम में उपस्थित अतिर्थियों ने उद्बोधन के साथ सभी को बधाई प्रेषित किया तथा पार्षद अनुराग सिंह द्वारा स्कूल कार्य हेतु चेयर्स (कुर्सियां) ससम्मान स्कूल प्रबंधन को भेंट किया गया। वहीं राधिका अहिरवार ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिको का आभार किया।



## आवागमन में ग्रामीणों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कतें, सुधार की मांग

# बसनी से घोरपेंड्री 2 किलोमीटर सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासन प्रशासन द्वारा एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया, लेकिन जिम्मेदारों व ठेकेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों तथा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम बसनी से घोरपेंड्री प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर व जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों का आवाजाही बाधित तथा भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा की बसनी से घोरपेंड्री 2 किलोमीटर सड़क में ना तो भारी वाहनों का आवागमन होता है, इस मार्ग में सिर्फ और सिर्फ ग्राम घोरपेंड्री व बसनी के ग्रामीण के लिए बहुत उपयोगी है।

इसके बावजूद सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे है। वहीं ग्राम बसनी व घोरपेंड्री के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार ठेकेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को पीएम सड़क का लाभ मिल सके।

### समय अवधि रहते हुए भी सड़क का मरम्मत नहीं, राहगीर सड़क दुर्घटना के हो रहे शिकार

ग्रामीणों ने बताया की ग्राम बसनी से घोरपेंड्री पीएम सड़क की समय अवधि रहते हुए भी जिम्मेदार ठेकेदारों की अनदेखी से जर्जर व बदहाल सड़क की मरम्मत नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार होकर चोंटिल हो रहे है। ग्रामीणों में सवाल उठ रहे है कि जिम्मेदार ठेकेदारों की गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के कारण समय अवधि से पहले पीएम सड़क की दुर्दशा दयनीय है।

## खबर संक्षेप

### जिले के सभी ब्लॉक में एसडीएम को ज्ञापन आज

**कवर्धा।** शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा एवं परस अंचल ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय कवर्धा, बोड़ला, स.लोहारा व पंडरिया में एक जुलाई को अपरान्ह 4:15 बजे एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। चार सूत्रीय मांगों में वर्तमान युक्तियुक्तकरणको निरस्त कर सेटअप 2008 का पालन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, हाई कोर्ट के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का जनरल आर्डर एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त किया जाना शामिल है। साझा मंच के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से ज्ञापन सौंपने हेतु अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालय में एसडीएम ऑफिस के पास समय पर उपस्थिति का आव्हान किया है।

### प्रशासन ने जारी की जिला स्तरीय स्थानांतरण सूची

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय स्थानांतरण सूची जारी किया है। इस संबंध में जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह सूची स्थानांतरण नीति-2025 के अनुक्रम में प्रभारी मंत्री के अनुमोदन बाद जारी किया गया है। इसमें महिला बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, आदिम जाति तथा अजा विकास विभाग आदि हैं जिनके कर्मचारियों का नाम शामिल है।

**अनदेखी:** नए शिक्षा सत्र के लिए कक्षा पांचवी व आठवीं की परीक्षा पद्धति स्पष्ट नहीं

# बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा स्कूल शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नया शिक्षा सत्र 2025-26 प्रारंभ हो चुका है और छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर गत 16 जून से स्कूलों में शैक्षणिक कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। लेकिन अभी तक स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस बात के कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं कि नए शिक्षा सत्र में आयोजित होने वाली कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की परीक्षा छत्तीगसढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाएगी या फिर इन दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा स्थानीय स्तर पर ही ली जाएगी।

यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते शिक्षा सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में तथा कथित सुधार लाने के उद्देश्य से कक्षा 5 वीं और 8 वीं कक्षा की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत करने का फैसला लेते हुए पूरे राज्य में दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही समय पर, एक ही पैटर्न पर और एक ही मूल्यांकन प्रणाली के तहत लेने का निर्णय लिया था। लेकिन छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह निर्णय काफी देरी से और लगभग शिक्षा सत्र के मध्य में लेने के कारण दोनों ही कक्षाओं की केन्द्रीयकृत परिक्षाएं महज औपचारिकता या यूं कहें कही मजाक बनकर रह गई थी। यहां तक की छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्णय से तो कई निजी स्कूलों ने किनारा तक कर लिया था और उन्होने अपने ही तरीके से स्कूलों में स्थानीय स्तर पर ही कक्षा पांचवी और आठवीं की परिक्षाएं आयोजित कर परीक्षा परिणामों की घोषणा की थी। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग का यह निर्णय न सिर्फ बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ साबित हुआ था बल्कि सीधे तौर बच्चों के भविष्य से जुड़े इस फैसले को लेकर छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े किए गए थे। दुर्भाग्य का विषय यह है कि छत्तीसगढ़ शासन का यह सबसे योग्य, काबिल और शिक्षित माना जाने वाला स्कूल शिक्षा विभाग अपनी इस गलती को पुनः दोहराते दिखाई दे रहा है और उसने अभी तक नए शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की परिक्षाओं की पद्धति को लेकर कोई निर्देश जारी नहीं किए है।

### लेटलतीफी से बच्चों को मानसिक परेशानी व पालकों को भारी आर्थिक नुकसान




अपने आपको भले ही संवेदनशील, लोक कल्याणकारी, जनहितैशी कहने वाली भाजपा की प्रदेश सरकार इस विषय को काफी हल्के में ले रही है लेकिन वास्तविकता ये है कि नए शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 5 वीं और 8 वीं कक्षा की परीक्षाओं को लेकर सही समय में निर्णय नहीं लेने से इन कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को जहां भारी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ेगी वहीं पालकों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल से पंजीकृत निजी स्कूल संचालक नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही अपनी ढपली अपना राग अलापते हुए निजी प्रकाशकों की बेहद मंहगी पाठ्य पुस्तकों को धड़ल्ले से और वह भी बगैर कोई पक्का बिल दिए विभिन्न प्रकार के टेक्सों की चोरी कर बेंच रहे हैं। समझा जा सकता है कि इस स्थिति में अगर छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा को लेकर निर्णय पिछली बार की तरह विलंभ से अथवा शिक्षा सत्र के मध्य में लिया गया तो निजी स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों को पढ़ाई गई निजी प्रकाशकों की मंहगी पाठ्यपुस्ताकों का औचित्य क्या रह जाएगा और इन पाठ्यपुस्तकों में दिए गए पाठ्यक्रम की जब छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल परीक्षा ही नहीं लेगा तो फिर पालकों को इन पुस्तकों की खरीदी के लिए निजी स्कूल संचालक दबाव क्यों बना रहे हैं और फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि इन्हें धड़ल्ले से और वह भी बगैर कोई पक्का बिल दिए विभिन्न प्रकार के टेक्सों की चोरी कर क्यों बेंचने दिया जा रहा है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग यह तत्काल स्पष्ट करे और निर्देश जारी करे की वह शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवी तथा आठवीं की परीक्षा केन्द्रीकृत पद्धति से लेगी या नहीं।

### शासन द्वारा नहीं जारी किया गया है कोई निर्देश

नए शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए कक्षा आठवी तथा पांचवी की परीक्षा के लिए अभी तक शासन द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है।

**योगदत्त साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम**

# अवैध शराब के तीन मामलों में 3 आरोपी कवर्धा से गिरफ्तार




■ बुलेट बाइक समेत 14.39 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कवर्धा कोतवाली पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 14.39 लीटर अवैध शराब जप्त की है। गिरफ्त आए आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस ने 29 और 30 जून को तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही की है। थाना कवर्धा पुलिस द्वारा की गई इन कार्रवाइयों में पहले मामले में दो आरोपियों पंकज सोनी और अर्पित श्रीवास्तव के कब्जे से 31 पौवा देशी शराब (5.580 बल्क लीटर) और एक नीली बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 11 एएस 0559 बरामद की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 92,480 रूपए आंकी गई है। दूसरे मामले में रामनगर निवासी मनोज बंजारे से 32 पौवा देशी शराब (5.750 बल्क लीटर) अवैध शराब जब्त की गई है।

इसी प्रकार तीसरे मामले में झलका निवासी संतानु टंडन के पास से 16-16 पौवा रोमियो और शोले ब्रांड की शराब (कुल 5.760 बल्क लीटर) और 360 रूपए नगद बरामद किए गए है। पुलिस ने इन तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पूछताछ के दौरान अन्य संलिप्त व्यक्तियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है।

जिला पुलिस ने सख्त संदेश दिया है कि अब अवैध नशे के कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# खाद की समस्या को लेकर ब्लाक कांग्रेस का आंदोलन

### मांगों से संबंधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा




■ किसानो को सेवा सहकारी समितियों से नहीं मिल रही खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद भी जिले में खाद की समस्या का समाधान होते नहीं दिखाई दे रहा है। आरोप है कि किसानो को जिले की सेवा सहकारी समितियों से खाद मिल नहीं रही है और खुले बाजार में दुकानदार मंहगे दामों में खाद बेंचकर किसानो के साथ खुलेआम ठगी कर रहे हैं।

खाद की इसी किल्लत और समस्या को लेकर सोमवार को जिले के पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खैरझिटी नया सोसायटी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले किसानो ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सोसायटी का घेराव किया। इस धरना प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेता आनंद सिंह, सुरेश चंद्राकर, मन्नू चंद्राकर, दीनबंधु चंद्राकर ने कहा कि खेती किसानी के इस सीजन में प्रदेश की भाजपा सरकार जरूरतमंद किसानो को खाद उपलब्ध कराने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।

उन्होने कहा कि सरकार की नाकामी के चलते ही जिले की अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में खाद का भण्डारण ही नहीं है जबकि खुले बाजार में बड़ी मात्रा में यूरिया सहित अन्य खाद भरपूर मौजूद है। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि सरकार ने कमीशनखोरी के चक्कर में सोसायटी के कोटे की खाद को भी खुलेबाजार में बेंच दिया है।

जिसका खामियाजा अब जिले के किसानो को मंहगी खाद खरीदकर भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार की इस किसान विरोधी नीति के चलते आज पंडरिया क्षेत्र के किसानो को सोसायटी में मिलने वाला करीब 266 रूपए प्रति बोरी में मिलने वाली यूरिया खाद को खुले बाजार में 300 से 350 रूपए प्रति बोरी में खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार सोसायटी में जो डीएपी खाद 1350 रूपए में किसानो को उपलब्ध कराई जाती है वह खुले बाजार में 1750 रूपए से लेकर 2000 रूपए में बेंची जा रही है।

कांग्रेस नेताओं ने किसानो की इस समस्या से संबंधित एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपाकर ग्राम खैरझिटी नया सेवा सहकारी समिति सहित की सभी सेवा सहकारी समितियों में किसानो की मांग के अनुरूप पर्याप्त खाद का भण्डारण कराए जाने की मांग की है।

# दबोचे गए आपराधिक गतिविधियों में शामिल दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




कवर्धा कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए दो आपराधिक तत्वों को कवर्धा बस स्टैण्ड परिसर से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कवर्धा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत प्राप्त हुई थी कि कवर्धा बस स्टैंड क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ व्यक्ति सक्रिय हैं और लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं।

इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में दबिश दी और मौके से आरोपी देव सावरा, पिता विद्या सावरा, आयु 20 वर्ष, निवासी आदर्श नगर, वार्ड क्रमांक 05, कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम तथा करण श्रीवास, पिता लाला श्रीवास, आयु 21 वर्ष, निवासी जमातपारा, वार्ड क्रमांक 20, कवर्धा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम को दबोच लिया। कवर्धा कोतवाली पुलिस के मुताबिक इन दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में इनके द्वारा हाल ही की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हुई है। दोनों आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने कहा, बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर अपराधियों की गतिविधियों को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। यह अभियान कानून व्यवस्था के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति अथवा अपराध से जुड़ी जानकारी तत्काल स्थानीय थाना या डायल 112 पर दें। समाज को अपराधमुक्त बनाने में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# नाबालिग का अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी एमपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार



थाना झलमला क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के अपहरण एवं उसके साथ दैहिक शोषण के प्रकरण में पुलिस ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया ने गत 19 जून 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना झलमला में अपराध क्रमांक 06/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं सुराग-संग्रह के आधार पर आरोपी की पहचान रोहित यादव पिता कृष्णा यादव उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम डोगरिया, चौकी साल्हेटेकरी, थाना बिरसा, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) के रूप में की गई। पुलिस ने 29 जून 2025 को आरोपी को सायर देहान, चौकी मछूरदा, थाना बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.) से दबोच लिया और अपहता को भी सुरक्षित बरामद किया गया। महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता से पूछताछ और कथन लिए गए, जिसमें पीड़िता ने बताया कि आरोपी रोहित यादव नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद करीब डेढ़-दो वर्षों से उसे बहला-फुसलाकर विभिन्न स्थानों पर शारीरिक संबंध बना रहा था। अंतिम बार 28 जून 2025 को ग्राम शायर देहान में उसके साथ दैहिक शोषण किया गया। मेडिकल परीक्षण, पीड़िता का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धाराएं 87, 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस तथा 04, 06 पॉक्सो एक्ट की भी बढ़ोतरी की गई। आरोपी रोहित यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से प्रथम रिमांड प्राप्त किया गया है।

### प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा द्वारा चलाया जा रहा जनसंपर्क अभियान



**कवर्धा।** नगर के प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रधान पाठक सीडी भट्ट द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया और सुबह 9.00 बजे से 10.00 बजे तक तथा शाम को छुट्टी के बाद 4.00 बजे से 6.00 बजे तक लगातार सतत संपर्क कर 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास किया गया। जसमें आज आसपास के आंगनबाड़ी केन्द्र, देवार मोहल्ला, आदर्श नगर, पैठूपारा आदि स्थानों में जाकर लोगों से संपर्क किया गया। जिससे प्रभावित होकर पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए तैयार हो रहे है। श्री भट्ट ने बताया कि इस कड़ी में सोमवार को प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में देवार मुहल्ले के दो बच्चों को प्रवेश दिलाया गया। इस अभियान में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार यादव एवं सभी शिक्षकों ने प्रधान पाठक सीडी भट्ट का भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

**जनसहभागिता से जिले के कवर्धा ब्लाक में मिल रही टीबी उन्मूलन को गति**

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मरीजों को मिला पोषण का साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कबीरधाम जिले में एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा की अगुवाई में 'निक्षय मित्र' योजना को जनसहभागिता का संबल मिल रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री वर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के चार टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीन युक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया, जिससे उनके उपचार को गति मिलेगी और स्वास्थ्य लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि "निक्षय मित्र योजना" स्वास्थ्य सेवाओं में सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। टीबी के इलाज में दवा के साथ-साथ पोषण अत्यंत आवश्यक है और समाज से मिलने वाला यह सहयोग मरीजों को शारीरिक एवं मानसिक विकास में लिए सहयोग भी होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप टीबी मुक्त भारत अभियान को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, व्यवसायी, संस्था अथवा संगठन को यह अवसर दिया गया है कि वे टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं और उन्हें इलाज के साथ-साथ पोषण का भी सहारा दें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ संतुलित पोषण मिलेगा, तो उनके जल्द स्वस्थ होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। जनजागरूकता और सामूहिक प्रयास के लिए निक्षय मित्र योजना के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से लोग सामने आएंगे, तब टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाना संभव होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा दिखाई गई पहल, डॉ. बीएल राज के तकनीकी मार्गदर्शन और श्रीमती अनुपमा तिवारी के समन्वय से संचालित यह मुहिम निश्चित ही दूसरों के लिए प्रेरणा बन रही है।

# मां सिहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फीघाटी 16 को मण्डला के लिए होगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी



मां सिहवाहिनी बोल बम समिति चिल्फीघाटी हर वर्ष की भांति इस साल भी कावड़ यात्रा के लिए तैयारी में जुटी हुई हैं। विगत 27 वर्षा से समिति कावड़ यात्रा करती आ रही हैं। समिति के अध्यक्ष ओमशंकर धुर्वे ने बताया कि इस वर्ष सौ कांवरिया तैयार करने का लक्ष्य रखा गया हैं। उन्होने बताया कि इस वर्ष कावड़ यात्रा 16 जुलाई 2025 को चिल्फी से मंडला के लिए रवाना होगी तथा 17 जुलाई को मंडला संगम से जल लेकर के 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर पांचवें दिन सोमवार को चिल्फी शिव मंदिर में जलाभिषेक करेगी। कांवड़ यात्रा समिति के व्यवस्थापक सदस्य रतन देव उसराठे, बृजेश तिवारी, मार्गदर्शक बिंदा त्रिवेदी, विकास द्विवेदी, वरिष्ठ सदस्य निमेश झरिया, अनिल देशमुख, संजू राजपूत, राकेश निषाद ने बताया इस वर्ष कावड़ यात्री जो यात्रा में सम्मिलित होना चाहते है पांच जुलाई तक समिति से सम्पर्क कर यात्रा में जुड़ सकते हैं और सावन में होने वाली इस पावन यात्रा में भाग लेकर अपने अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार अनुभव कर सकते हैं।

